


RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 278 | कुशीनगर | मंगलवार 10 अगस्त, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये




# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

## पीएम मोदी ने जारी की योजना की 9वीं किस्त, 9.75 करोड़ किसानों को मिला फायदा




नई दिल्ली,(एजेंसी)। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 9वीं किस्त जारी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किसानों के खाते में 2000 रुपए की किस्त जमा की। वीडियो कांफ्रेंसिंग में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी शामिल रहे। 9.75 करोड़ किसानों को मिला फायदा इस योजना के तहत 9.75 करोड़ से ज्यादा किसान परिवारों को फायदा मिला। किस्त के जरिए 9.75 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 19,508 करोड़ रुपए भेजे गए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया और लाभार्थी किसानों से बातचीत भी की। दोगुनी हुई केसर से होने वाली आय पीएम मोदी से नेशनल सैफ्रॉन मिशन के तहत स्थापित किए गए सैफ्रॉन पार्क के लाभार्थी से बात की। इस दौरान मोदी जी ने किसान अब्दुल से पूंछा कि इससे उनकी आमदनी कितनी बढ़ गई है। इस पर अब्दुल ने बताया कि सैफ्रॉन पार्क के चलते सैफ्रॉन (केसर) की खेती से होने वाली आय दो गुनी हो गई है। अब्दुल ने बताया कि सैफ्रॉन पार्क बनने से कश्मीरी केसर को नई पहचान मिली है। च्ड मोदी ने कहा कहा कि सैफ्रॉन पार्क स्थापित करने का यही लक्ष्य था कि हमारे केसर की महक दुनियाभर में पहुंच सके। 6 साल में दाल का उत्पादन में 50: बढ़ा कुछ साल पहले जब देश में दालों की बहुत कमी हो गई थी, तो मैंने देश के किसानों से दाल उत्पादन बढ़ाने का आग्रह किया था। मेरे उस आग्रह को देश के किसानों ने स्वीकार किया। परिणाम ये हुआ कि बीते 6 साल में देश में दाल के उत्पादन में लगभग 50: की वृद्धि हुई है। पीएम मोदी ने बताया कि सरकार ने किसानों से डैच पर अब तक की सबसे बड़ी खरीद की है। इससे, धान और गेहूं किसानों के खाते में लगभग 85 हजार करोड़ रुपए डायरेक्ट पहुंचे हैं। बीते 7 सालों में 5 गुना हुआ कृषि बजट वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान बताया गया कि बीते 7 सालों में कृषि बजट 512: यानी 5 गुना बढ़ा है। 2013–14 में ये 21,933 करोड़ रुपए था जो 2020–21 में बढ़कर 1,34,399 करोड़ रुपए हो गया है। आपके अकाउंट में पैसा आया या नहीं ऐसे करें चेक सबसे पहले किसानों के खाते में लगभग 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपए

### दोगुनी हुई केसर से होने वाली आय

पीएम मोदी से नेशनल सैफ्रॉन मिशन के तहत स्थापित किए गए सैफ्रॉन पार्क के लाभार्थी से बात की। इस दौरान मोदी जी ने किसान अब्दुल से पूंछा कि इससे उनकी आमदनी कितनी बढ़ गई है। इस पर अब्दुल ने बताया कि सैफ्रॉन पार्क के चलते सैफ्रॉन (केसर) की खेती से होने वाली आय दो गुनी हो गई है। अब्दुल ने बताया कि सैफ्रॉन पार्क बनने से कश्मीरी केसर को नई पहचान मिली है। PM मोदी ने कहा कहा कि सैफ्रॉन पार्क स्थापित करने का यही लक्ष्य था कि हमारे केसर की महक दुनियाभर में पहुंच सके।

प्रधानमंत्री किसान योजना की आधिकारिक वेबसाइट pmkisan-gov-in पर जाएं। अब दाहिनी तरफ मौजूद 'Farmers Corner' पर जाएं। यहां आपको 'Beneficiary Status' का ऑप्शन मिलेगा। 'Beneficiary Status' के ऑप्शन पर क्लिक करें। अब आपके सामने नया पेज खुलेगा। नए पेज पर आप आधार नंबर, बैंक अकाउंट नंबर या मोबाइल नंबर में से कोई एक विकल्प चुनना होगा।

## 29 अगस्त को ट्रेन से अयोध्या पहुंचेंगे राष्ट्रपति

लखनऊ,एजेन्सी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 26 अगस्त से तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दौरे पर पहुंच रहे हैं। अपने इस दौरे के दौरान वह लखनऊ, गोरखपुर, अयोध्या भी जाएंगे। राष्ट्रपति लखनऊ से प्रेसिडेंशियल ट्रेन के जरिए 29 अगस्त को अयोध्या जाएंगे और इसी दिन वह वापस भी आ जाएंगे। अयोध्या में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रामलला के भी दर्शन करेंगे। वही 26 अगस्त को वह लखनऊ में बाबा भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भी हिस्सा लेंगे। आपको बता दें कि इससे भी उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान राष्ट्रपति ट्रेन से पहुंचे थे। वह ट्रेन से अपने गृह शहर कानपुर पहुंचे थे। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए तैयारियां शुरू हो गई है। राष्ट्रपति रामलला के दर्शन के बाद संतों से भी मुलाकात करेंगे। अयोध्या स्टेशन की साफ–सफाई व रंग–रोगन का कार्य भी शुरू हो चुका है। जिसका जायजा लेने 11 अगस्त को रेलवे जीएम आशुतोष गंगल अयोध्या पहुंच रहे हैं। जो अयोध्या व फैजाबाद स्टेशन के तैयारियों पर मंथन करेंगे। अयोध्या में संतों की सूची तैयार की जा रही है।





गंगा अपने कदम बढ़ाते हुए वाराणसी में खतरे के निशान के ऊपर पहुंच चुकी है। सोमवार सुबह जलस्तर 71.36 मीटर दर्ज किया गया है, जो खतरे के निशान से 10 सेंटीमीटर ज्यादा है। अलर्ट की स्थिति में अधिकारी चप्पे–चप्पे की निगरानी कर रहे हैं। एनडीआरएफ की कई टीमों को तैनात किया गया है।

## भारी बारिश और बाढ़ से मध्य प्रदेश का बुरा हाल

भोपाल,(एजेंसी)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारी बारिश के कारण आई बाढ़, वाले इलाकों में लोगों की मदद के लिए अनेक उपायों की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने राहत कार्यों की देखरेख के लिए एक कार्यबल का गठन किया है,जिसमें 12 मंत्री शामिल हैं। रविवार देर शाम जारी एक बयान में चौहान ने कहा कि बाढ़ के कारण मरने वाले लोगों के परिवारों को चार–चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि पिछले सप्ताह उत्तरी मध्य प्रदेश के चंबल–ग्वालियर क्षेत्र में बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। प्रभावित इलाकों से हजारों लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। चौहान ने बताया कि वायु सेना, सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) ने बाढ़ प्रभावित जिलों में विभिन्न स्थानों में फंसे 8,900 लोगों को बचाया है वहीं 32,900 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, '' मैंने एक कार्य बल का गठन किया है जिसमें 12 कैबिनेट मंत्री और सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी शामिल हैं। मैं स्वयं, और मंत्रियों तथा अधिकारियों की टीम राहत,पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों की देखरेख करेगी।'' उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को नियमित राशन के अलावा बाढ़ प्रभावित परिवारों को 50 किलोग्राम अतिरिक्त अनाज दिया जाएगा।

# दूसरी लहर में ऑक्सीजन की किल्लत हुई: मुख्यमंत्री योगी



आगरा,(एजेंसी)। सीएम योगी ने आगरा में डॉक्टरों के सम्मेलन को संबोधित किया। केंद्र सरकार की रिपोर्ट में ऑक्सीजन की कमी से देश में एक भी मौत न होने की बात कही गई है। हालांकि, आगरा में डॉक्टर्स और कोरोना वॉरियर्स के सम्मेलन को संबोधित करते हुए रविवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वीकार किया कि कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की कमी हुई थी। उन्होंने कहा कि दूसरी लहर में ऑक्सीजन की कमी हुई। लेकिन भारत सरकार ने युद्ध स्तर पर हर जिले में ऑक्सीजन पहुंचाने का काम किया। आज यूपी के हर जिले में ऑक्सीजन प्लांट लग रहा है। 552 प्लांट को स्वीकृत किया गया है और इसमें 200 से ज्यादा लग चुके हैं। 19 मिनट तक दिया भाषण सीएम योगी ने सम्मेलन में 19 मिनट तक भाषण दिया। इस दौरान ऑक्सीजन की कमी का जिक्र किया। बोले, श्दूसरी लहर में ऑक्सीजन की किल्लत हुई। महामारी के दौरान संसाधन अक्सर कम पड़ते हैं। और यह तो इस सदी की सबसे बड़ी महामारी थी। इस महामारी के दौरान हमने ऑक्सीजन के बारे में देखा होगा। ऑक्सीजन पहुंचाने का काम भारत सरकार ने युद्धस्तर पर किया, वो सबके सामने हैं। उत्तर प्रदेश में हर जनपद को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम हो रहा है। 552 ऑक्सीजन प्लांट अलग–अलग जनपदों में लगाए जा रहे हैं। इसमें आगरा भी शामिल है।श आगरा में 26 अप्रैल को ऑक्सीजन हटाने से हुई थी 22 मौतें एक तरफ भले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑक्सीजन की कमी को स्वीकार किया है, लेकिन आगरा के श्रीपारस हॉस्पिटल में ऑक्सीजन की कमी से हुई मौतों पर प्रशासन ने हर तरह से पर्दा डालने की कोशिश की है। बता दें कि इस हॉस्पिटल के संचालक डा. अरिंजय जैन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

## भतीजे पर हमले से भड़कीं ममता, बोलीं– शाह ने कराया, किसी और में दम नहीं

कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के जख्मी कार्यकर्ताओं से अस्पताल में मुलाकात की। आपको बता दें कि त्रिपुरा में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता जख्मी हो गए थे। जिसके बाद ममता बनर्जी उनसे मिलने के लिए कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल पहुंचीं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि सब कुछ पुलिस के सामने हुआ और किसी तरह की चिकित्सकीय सहायता नहीं मुहैया कराई गई। भाजपा एक राक्षसी पार्टी है। असम से लेकर उत्तर प्रदेश तक हमें अंदर नहीं जाने दिया गया। अभिषेक को बुलेट प्रूफ गाड़ी मुहैया कराई गई थी वरना वह बुरी तरह से जख्मी हो जाते। इसी बीच ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मैं त्रिपुरा में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर हुए हमले की निंदा करती हूं, जिसे केन्द्रीय गृह मंत्री के निर्देश पर अंजाम दिया गया। गुंडों को उसी फ्लाइट में बैठाया जा रहा था जिस पर अभिषेक सफर कर रहे थे... हम त्रिपुरा जीतेंगे। गौरतलब है कि त्रिपुरा में तृणमूल कांग्रेस के 14 कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जिसमें जख्मी कार्यकर्ता भी शामिल थे। हालांकि बाद में सभी कार्यकर्ताओं को जमानत मिल गई। तृणमूल ने आरोप लगाया था कि जो एक भाजपा कार्यकर्ताओं के कथित हमले में पार्टी कार्यकर्ता जख्मी हो गए थे।



## भाजपा नेता का बड़ा बयान, केंद्र सरकार नए कृषि कानूनों को ले सकता है वापस



बलिया (उप्र),एजेन्सी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व पूर्व विधायक राम इकबाल सिंह ने तीन नए कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के चल रहे आंदोलन का समर्थन किया और कहा कि राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा नीत केन्द्र सरकार इन कानूनों को वापस ले सकती है। पूर्व विधायक सिंह ने रविवार रात जिले के नगरा में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा,'' किसानों की मांगे सही हैं। विधानसभा चुनाव और किसानों में रोष को देखते हुए केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार इन कानूनों को वापस ले सकती है।''

उन्होंने कहा कि कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शनों के चलते भाजपा के नेता पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांवों में नहीं जा पा रहे हैं और आने वाले समय में किसान भाजपा के जन प्रतिनिधियों का घेराव भी कर सकते हैं। उन्होंने इजराइल के जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस से कथित तौर पर जासूसी कराने जाने को लेकर संसद में चल रहे गतिरोध को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि लोकतांत्रिक देश में विपक्ष की मांग पर विचार होना चाहिए।

## आदिवासियों पर हुई सियासत के बाद सदन की कार्यवाही को किया गया स्थगित



भोपाल,(एजेंसी)। मध्य प्रदेश में विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन आदिवासी दिवस पर अवकाश नहीं देने के मामले में कांग्रेस के वाकआउट के बाद सदन की कार्यवाही दुबारा शुरु हुई। आदिवासियों के मुद्दे पर एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्ष में तीखी नोकझोंक हुई। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सत्ता पक्ष को संभालाते हुए कहा कि बिरसा मुंडा की जयंती पर अवकाश होना चाहिए। वहीं विपक्षी सदस्यों ने सरकार और बीजेपी पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाया। आगे उन्होंने कहा कि श्रद्धांजलि पर सियासत कर कांग्रेस स्तरहीन राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का पलटवार मैंने नही सुना था क्योंकि मैंने अपना ईयर फोन नहीं लगाया था। ऐसा इसलिए किया क्योंकि मैंने सुना है कि झूठ बोलना पाप है और इसके साथ ही झूठ सुनना भी पाप है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर पलटवार करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार आदिवासी विरोधी नहीं हैं। सरकार ने हमेशा आदिवासियों के हित मे कई काम किए हैं।

## लालू परिवार में सब कुछ ठीक नहीं! तेजप्रताप के पोस्टर से तेजस्वी गायब




पटना,(एजेंसी)। भले ही आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव अब सक्रिय राजनीति में दिखने लगे हैं। बेल मिलने और जेल से बाहर होने के बाद वह लगातार राजनीतिक गतिविधियों को लेकर बैठक रहे हैं। लेकिन जो खबरें पटना से आ रही है उसमें आरजेडी के लिए अच्छे संकेत नहीं है। आरजेडी में एक बार फिर से अंदरूनी कला की शुरुआत हो चुकी है। सूत्र बता रहे हैं कि तेजस्वी यादव और तेजप्रताप यादव में सब कुछ ठीक–ठाक नहीं है। यह तब सामने भी आ गया जब तेज प्रताप के कार्यक्रम के पोस्टर से तेजस्वी की फोटो गायब थी। दरअसल, पटना में आरजेडी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें तेज प्रताप यादव मुख्य अतिथि थे।

यह बैठक छात्र आरजेडी की थी। तेज प्रताप यादव छात्र आरजेडी के संरक्षक भी हैं। इस बैठक में छात्र आरजेडी के बड़े पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और विश्वविद्यालय अध्यक्ष भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम को लेकर पटना में जगह–जगह पोस्टर और बैनर लगाए गए थे। इस पोस्टर में लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की फोटो थी।

# जिले में समारोहपूर्वक आयोजित हुआ अमृत महोत्सव

बहराइच। वर्ष 1857 से सतत चले स्वतन्त्रता संग्राम के उपरान्त प्राप्त हुई स्वतंत्रता की तिथि 15 अगस्त का भारतीय इतिहास में अत्यधिक महत्व है। समस्त देशवासियों सहित स्वतंत्रता के पश्चात् जन्म लेने वाली पीढ़ी को स्वतन्त्रता संग्राम के गौरव पूर्ण महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से आजादी की 75वीं वर्षगांठ को पूरे देश में भव्य रूप से मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' पूरे देश में 12 मार्च 2021 से 15 अगस्त 2023 तक अलग–अलग कार्यक्रमों के माध्यम से समारोहपूर्वक मनाया जायेगा ताकि देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रभक्ति की नवीन चेतना से परिपूर्ण किया जा सके। इसी कड़ी में आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी–चौरा शताब्दी महोत्सव आयोजन की श्रृंखला में काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगॉठ पर 09 से 16 अगस्त 2021 तक जनपद में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रमों का श्रीगणेश कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सेनानी भवन प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह का शुभारम्भ राष्ट्रगान के गायन से हुआ। तदोपरान्त विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, महसी के सुरेश्वर सिंह व पूर्व मंत्री सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजनों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा त्रिमूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रृद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर देश की आजादी में अपने प्राणों की आहूति देने वाले ज्ञात–अज्ञात अमर सेनानियों की याद में पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन बजाकर सलामी पेश की गयी। कार्यक्रम के दौरान जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की विधवाओं श्रीमती सेवादासिन पत्नी स्व. गुरूदीन, गीतादेवी पत्नी स्व. रामकरन, चन्द्रकान्ती पत्नी स्व. लाल चन्द्र, कबूतरी देवी पत्नी स्व. हरीश चन्द्र उपाध्याय व शान्तिदेवी पत्नी स्व. हनुमान प्रसाद को शालधमिष्ठान व रूद्राक्ष का पौध भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान स्कूली छात्राओं एवं महिला आरक्षियों द्वारा देशभक्ति गीत तथा लोकगायक बृजेश पुस्कर द्वारा प्रस्तुत किये गये विकास गीत तथा प्रा.वि. अजीजपुर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत योगाभ्यास कार्यक्रम को सराहते हुए मा. विधायकगणों व अन्य अतिथियों ने नकद पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया गया । शहीद पार्क से एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा के सेनानी भवन प्रागंण पहुँचने पर मौजूद अतिथियों, अधिकारियों व आमजन द्वारा ताली बजाकर स्वागत किया गया। विशेष अभियान के शुभारम्भ अवसर पर शहीद स्मारक स्थल काकोरी, लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित कवि सम्मेलन में जिले के नामचीन कवियों एवं शायरों असर बहराईची, रश्मि प्रभाकर, प्रदीप कुमार पाण्डेय, संतोष सिंह आदि द्वारा देशभक्ति से ओत–प्रोत काव्य रचनाएं प्रस्तुत की गयीं। इससे पूर्व कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने कहा कि भारत सदैव से वीर भूमि रही है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमर सेनानियों के बलिदान को याद करने के उद्देश्य से अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। श्रीमती जायसवाल ने काकोरी ट्रेन एक्शन पर प्रकाश डालते हुए देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राष्ट्पिता महात्मा गॉधी जी, सुभाष चन्द्र बोस, राजेन्द्र लोहड़ी, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्लाह खॉ सहित तमाम सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। अपने पराक्रम से मातृभूमि का मान बढ़ाने वाले राष्ट्रनायक महाराजा सुहेलदेव जी, स्वतन्त्रता आन्दोलन में अपने प्राणों की आहूति देने वाले राजा बलभ्रद सिंह सहित तमाम ज्ञात–अज्ञात अमर सेनानियों को श्रृद्धासुमन करते हुए विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने प्रदेश के सबसे बड़े पुल को राजा बलभद्र सिंह का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि देशवासियों विशेष कर युवाओं में देश प्रेम की अलख जगाये जाने के उद्देश्य से आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों का आहवान किया कि यहॉ से इस संकल्प के साथ जायें कि हमें भी अमर सेनानियों की भांति देश सेवा करनी है। विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने के कहा कि देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रभक्ति की नवीन चेतना से परिपूर्ण करने के उद्देश्य से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर ''आजादी का अमृत महोत्सव'' पूरे देश में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृति हुई है। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने देश की आजादी में अपने प्राणों की आहूति देन वाले तमाम ज्ञात–अज्ञात अमर सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महामण्डलेश्वर रवि गिरि जी महाराज ने कहा कि अमर सेनानियों की भांति हम सभी लोगों को देश के लिए तन–मन–धन न्यौछावर करने के लिए हर समय तैयार रहना चाहिए।

## गैस सिलेंडर में लगी आग,तीन मासूम बच्चियों की मौत

लखनऊ,(यूएनएस)। प्रदेश के आजमगढ़ जिले के अहरौला थाना क्षेत्र के इमामगढ़ गांव में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने से 3 बच्चियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इमामगढ़ निवासी दिनेश यादव मिठाई बनाने का काम करता है। बीती रात उसकी पत्नी माधुरी गैस पर खाना बना रही थी और वह घर से बाहर पानी लेने चली गई, इतने में सिलेंडर से गैस रिसने लगी और आग लग गई,जिससे कमरे में बैठी उनकी 3 बेटियां दीपांजलि(11) , शिवांसी, (6) व श्रेजल(4) झुलस गईं। उन्होंने बताया कि चीख पुकार सुन कर गांव के लोग इकट्ठा हो गए और तीनों बच्चियों को बाहर निकाल कर कस्बे के निजी चिकित्सालय ले गए जहां पर चिकित्सक ने दीपांजलि और शिवांसी को मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से झुलसी श्रेजल को प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

## सिविल अस्पताल में सफाई कर्मी काटते मिली टांका

लखनऊ,(यूएनएस)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल लखनऊ में जहां वीआईपी मरीज को देखने के लिए पूरा अमला जुटा रहता है वहीं गरीब मरीजों को कई बार नर्सो के भरोसे ही रहना पड़ता है। सिविल अस्पताल का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक सफाईकर्मी मरीज के टांके काट रही है।इस वीडियो के वायरल होने के बाद अस्पताल निदेशक ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। रविवार को सोशल मीडिया पर सिविल में सफाई कर्मचारी का वीडियो वायरल हो गया। अस्पताल के फीमेल सर्जिकल वार्ड में महिला मरीजों के टांके एक सफाईकर्मी काट रही थी। महिला सफाईकर्मी मरीज से बात करती हुई इस काम को अंजाम दे रही थी जबकि बगल में ही एक नर्स व वार्ड आया भी खड़ी थी। इस दौरान वहां पहुंचे अन्य स्टाफ ने जब वहां खड़ी स्टाफ नर्स व वार्ड आया से इस बारे में पूछा गया तो दोनों ने ही सफाई कर्मी को टांका काटने की ट्रेनिंग देने की बात कही।इसी दौरान किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मामले परअस्पताल के निदेशक डॉ. सुभाष चंद्र सुद्रियाल ने बताया कि वायरल वीडियो के बारे में सूचना मिली है। मामला बेहद गंभीर है। 24 घंटे के अंदर दोषियों पर कार्रवाई कर दी जाएगी। लापरवाही पर कोई समझौता नहीं होगा।

## दर्जनों छात्र नेताओं ने थामा रालोद का दामन

लखनऊ,(यूएनएस)। राष्ट्रीय लोकदल छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह चौहान ने राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 मसूद अहमद के समक्ष बलरामपुर निवासी तथा लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सूर्यकुमार पाण्डेय सहित दर्जनों छात्रों ने रालोद का दामन थामा। साथ ही पाण्डेय जी को जनपद बलरामपुर के जिलाध्यक्ष पद के दायित्वों के निर्वहन की जिम्मेंदारी सौंपी गयी। उनके साथ में रमेश कुमार, सूरज पाल, मनप्रीत सिंह, अभिषेक सिंह मौजूद रहे। रालोद प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 मसूद अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों में अपनी आस्था व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश का युवा और नौजवान वर्ग सत्ता बदलने के लिए तैयार बैठा है। समूचे उत्तर प्रदेश में किसान मसीहा चौ0 चरण सिंह की नीतियों से प्रेरित होकर लोग राष्ट्रीय लोकदल से जुड़ रहे हैं। और जल्द ही प्रदेश की गूंगी बहरी और नौजवान एवं रोजगार विरोधी सरकार का सफाया होगा। छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह चौहान ने सभी का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करते हुये कहा कि हम सभी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में काम करना है और उनके साथ खडेध होकर पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल का परचम लहराना है। युवाओं के साथ छल करने वाली तथा बेरोजगारों का उपहास उड़ाने वाली भाजपा सरकार के घमण्ड को हम युवा वर्ग संगठित होकर 2022 में सत्ता से बेदखल करने का काम करेंगे। इसलिए सभी साथियों को आज से ही अपनी कमर कस लेनी चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश महाचिव अमन पाण्डेय, शशांक श्रीवास्तव, रमेश प्रजापति आदि रालोद छात्रसभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगेगा ''प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान'' क्लीनिंक

बलरामपुर। गर्भावस्था या प्रसव के दौरान मां और शिशु की मृत्यु रोकने, उन्हें समय पर उचित इलाज मुहैया कराने के लिए जिले में प्रत्येक माह की 09 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। जून 2016 में शुरू हुई इस योजना का लाभ किसी भी समुदाय या आय वर्ग की महिलाएं उठा सकती है। गर्भावस्था के दौरान जिन महिलाओं को 3 से 6 माह का गर्भ है, वे महिलाएं नजदीकी सरकारी अस्पताल में अपना पंजीयन कराती हैं तो उन्हें परामर्श, सभी जरूरी जांच तथा दवाई सब कुछ मुफ्त में मिलता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील कुमार ने बताया पंजीयन के बाद जब गर्भवती महिला का कार्ड बन जाता है, तो उसे लेकर आप किसी भी सरकारी अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर जांच व डिलीवरी करा सकते हैं।

# ओमप्रकाश राजभर बोले- अखिलेश को सीएम होना चाहिए

वाराणसी। सुहलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सोमवार को वाराणसी में एक नया राग अलापा हैं। यहां राजभर ने कहा कि योगी साधु बाबा हैं– श्उन्हें मठ–मंदिर में रहना चाहिए, वो नेता नहीं हैं। नेता तो अखिलेश यादव हैं, मुख्यमंत्री उन्हें ही बनना चाहिए। आज यूपी की जनता भाजपा को हराने के लिए सपा को एक विकल्प के रूप में देख रही है। सपा में वह दमखम भी है। अखिलेश यादव सभी क्षेत्रीय दलों को साथ मिला लें तो उत्तर प्रदेश में भाजपा का खाता नहीं खुलेगाश। इससे पहले तीन अगस्त को ओमप्रकाश राजभर ने लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात की थी। मुलाकात के बाद राजभर यह भी कहा था



कि राजनीति में किसी भी संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री रहते हुए अखिलेश ने बहुत काम किया ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि राजा के लक्षण परिलक्षित होते हैं। मुख्यमंत्री रहते हुए अखिलेश यादव ने बहुत काम किया है। लखनऊ में 1090 पर खड़े हो जाइए, रिवर फ्रंट भी दिखेगा। लखनऊ से आगरा जाइए, एक्सप्रेस–वे दिखेगा। प्रदेश का कोई ऐसा शहर या गांव का चट्‌घ्टी–चौराहा नहीं है, जहां 100 नंबर की गाड़ी न दिखे। कहीं भी अत्याचार या गलत होता है तो 100 नंबर की गाड़ी तत्काल पहुंच जाती है। यह सब सपा सरकार की ही तो देन है। सपा के काल में जो काम हुए, वैसा भाजपा के लोग एक काम भी नहीं कर सके। भारतीय जनता पार्टी नहीं, भारतीय लूट पार्टी है सुभासपा अध्यक्ष ने कहा, श्हमने तो संकल्प ले रखा है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को गंगा में डुबो देना है। यह भारतीय जनता पार्टी नहीं बल्कि भारतीय लूट पार्टी है। मोदी योजना बना–बना कर लूटते हैं। अब देखिए, 135 रुपए के झोले में योगी–मोदी अपना फोटो लगवाकर 65 रुपए का राशन दे रहे हैं। जनता क्या हकीकत नहीं जान रही है। सरसों का तेल, अरहर की दाल, गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, सब्जियों से लेकर सब चीज के दाम में आग लगी हुई हैश। जनता कुछ भूलती नहीं, वोट की चोट से करेगी बेनकाब राजभर ने कहा कि मिट्‌घ्टी के तेल की बिक्री बंद कर भाजपा सरकार ने गरीबों पर सरासर अत्याचार किया है। जनता सब देख रही है और कुछ भूलती नहीं है। उत्तर प्रदेश की जनता 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के झूठ, भ्रष्टाचार, दंभ, बेईमानी और ट्रांसफर–पोस्टिंग में पैसे के खेल को अपने वोट की चोट से बेनकाब करेगी।

# यादव महासभा के खीरी जिला सचिव ने समाज के लोगों संग बैठक में की चर्चा

पसगवां, खीरी। अखिल भारतीय यादव महासभा की उत्तर प्रदेश में जनपद लखीमपुर खीरी कमेटी के जिला सचिब राम सागर यादव समाज के लोगों को अपने साथ लाने और उनको आज के माहौल के प्रति जागरूक करने के लिए युद्ध स्तर पर बैठकें कर रहे हैं। साथ ही यादव समाज के सामने आने वाली परेशानियों पर चर्चा भी कर रहे हैं। इन बैठकों में यूपी का आगामी विधानसभा और समाज को आगे बढ़ाने के लिए मंथन भी करते हैं। इस कड़ी में उहोंने पसगवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत सेन्डा में प्रधान सुरेश कुमार यादव के आवास पर बैठक की। इसमें यादव समाज से लेकर विधानसभा चुनाव की रणनीति पर समाज से चर्चा भी की। यादव महासभा लखीमपुर खीरी के जिला सचिव राम सागर यादव ने ग्राम पंचायत सेन्डा में प्रधान सुरेश कुमार यादव के आवास पर अपने समाज की बैठक बुलाई थी। इसमें पसगवां ब्लॉक क्षेत्र में रहने वाले यादव समाज के लोगों को आमंत्रित किया था। इसमें दर्जनों यादव समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। यादव महासभा की बैठक जिला सचिव राम सागर यादव की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक का संचालन सेन्डा के ग्राम प्रधान सूरेश कुमार यादव ने किया। जिला सचिव राम सागर यादव ने बैठक में शामिल हुए यादव समाज के लोगों से कहा कि यादव महासभा देशभर में यदुवंशियों के उत्थान के लिए वर्षों से कार्य कर रही है। उसी तर्ज पर लखीमपुर खीरी जिले के यादवों के उत्थान के लिए उन्होंने युद्ध स्तर पर बैठकें शुरू की हैं। वह बतौर यादव महासभा के जिला सचिब जनपद, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर समाज के लोगों के साथ चर्चा कर रहे हैं। इस दौरान समाज के लोगों को एक दूसरे को सहयोग करना, लोगों को जागरूक करना, समाज के बच्चों की शिक्षा पर जोर देना और उनको प्रोत्साहित करने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहा हूं। राम सागर यादव ने कहा कि यादव समाज हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूती के साथ दर्ज करवा रहा है। देश से लेकर कई प्रदेशों की राजनीति में यादवों का अच्छा खासा दखल है। वहीं कुछ महीने बाद यूपी में विधानसभा चुनाव होना है। इस चुनाव में भी यादवों को एकजुट रहना है।

# उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से संवरेगा बच्चों एवं युवाओं का भविष्य

बहराइच। जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु अथवा 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर जिन्होने कोविड या अन्य कारणों से अपने माता–पिता अथवा माता या पिता अथवा अभिभावक को खो दिया हो तथा वह कक्षा 12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकि संस्थान से स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने हेतु शिक्षा प्राप्त कर रहे हों अथवा या नीट, जेईई, क्लैट जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परिक्षाएं उत्तीर्ण कर चुके हैं, ऐसे बच्चों को सहयोग प्रदान के लिए प्रदेश में उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) योजना संचालित की जा रही है। श्री कुमार ने यह भी बताया कि ऐसे बच्चे जिनकी माता तलाकशुदा स्त्री या परित्यक्ता है, अथवा जिनके माता–पिता या परिवार मुख्यकर्ता जेल में है अथवा ऐसे बच्चे जिन्हे बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्तिध्बाल वैश्यावृत्ति से मुक्त कराकर परिवारध्पारिवारिक वातावरण में समायोजित कराया गया हो अथवा भिक्षावृत्तिध्वैश्यावृत्ति में सम्मिलित परिवारों के बच्चे भी उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। योजनान्तर्गत पात्रता की जानकारी देते हुए श्री कुमार ने बताया कि 0 से 18 वर्ष तक की आयु के ऐसे बच्चे जिनके माता–पिता (दोनों), माता–पिता में से किसी एक की अथवा वैध अभिभावक की मृत्यु 01 मार्च 2020 के पश्चात हुई हो, 0 से 18 वर्ष तक की आयु के ऐसे बच्चे जिन्हे बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्तिध्बाल वैश्यावृत्ति से मुक्त कराकर परिवारध्पारिवारिक वातावरण में समायोजित कराया गया हो या भिक्षावृत्तिध्वैश्यावृत्ति में शामिल परिवारों के बच्चों तथा 18 से 23 वर्ष तक की आयु के ऐसे किशोर जिनके माता–पिता दोनों, माता–पिता में से किसी एक की अथवा वैध अभिभावक की मृत्यु हो गई है, उनको कक्षा–12 तक शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त राजकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकि संस्थान में स्नातक डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त करने वाले एवं नीट, जेईई, क्लैट जैसे राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परिक्षाएं उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकि संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो तक इस योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जायेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## नमोहर्रम त्योहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

बलरामपुर। मोहर्रम के मद्देनजर रविवार को उतरौला कोतवाली परिसर उतरौला में उप निरीक्षक रामनारायण की अध्यक्षता में ताजियादारों व उलेमाओं की बैठक की गई। बैठक में सुन्नी समुदाय के अंजुमन हुसैनी कमेटी के लोग शामिल नहीं हुए। बैठक में उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व कोतवाल के ना होने पर लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई। हाजी शमीम अहमद ने कहा कि बैठक में किसी उच्च अधिकारी का होना आवश्यक था। लिहाजा बैठक को औपचारिकता मात्र न कर उच्च अधिकारियों की अध्यक्षता में एक बैठक होना अति आवश्यक है। इनके समक्ष लोग अपनी समस्याओं को रख सके और वह उसका बेहतर हल निकाल सकें। इमामिया ट्रस्ट अध्यक्ष ऐमन रिजवी ने कहा कि उतरौला गंगा जमुनी तहजीब का मिसाल है। इमाम हुसैन की शहादत पर सभी धर्म के लोग अपने गमों का इजहार करते हैं। अली नवाज ने पुलिस प्रशासन से दरखास्त करते हुए कहा कि ताजिया की खरीद करने आने वाले दूरदराज गांव के लोगों को अनावश्यक परेशान न किया जाए शोहदों पर कड़ी नजर रखें कस्बे को अतिक्रमण व जाम से मुक्त रखने की अपील की। उप निरीक्षक रामनारायण ने कहा कि मोहर्रम से संबंधित जो दिशा निर्देश शासन द्वारा निर्गत किया गया था उस पर विचार विमर्श चल रहा है। अग्रिम दिशा निर्देश आने पर सभी को सूचित किया जाएगा। बैठक में ग्राम प्रधान सलमान खान, सभासद अल्ताफ अहमद, मोहम्मद अबरार, हनीफ खान, मोहम्मद तालिम, मौलाना अजमल, पीर मोहम्मद, डॉ एस एन हैदर समेत अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बिना जांच के वृद्धा पेंशन की रिपोर्ट लगा रहे हैं लेखपाल

बलरामपुर। गरीब वृद्धजनों के पेंशन का अग्रसारण विना लेखपाल की जांच के जारी है। ताजा उतरौला तहसील का है। उतरौला कस्बे के आर्यनगर में स्थित कांशीराम आवास कॉलोनी है, जहां पर एक असहाय वृद्ध महिला अपने विक्षिप्त बेटे के साथ रहती है। और माँ बेटे दोनों को आंखों से कम दिखता है। किसी भले व्यक्ति ने इस असहाय महिला और बेटे को सड़क पर भीख मांगते देखकर वृद्धावस्था पेंशन का फार्म भरवा दिया था। लेकिन संबंधित लेखपाल ने अधिक आय होने का रिपोर्ट लगाकर असहाय महिला का फार्म निरस्त करा दिया। और जब पत्रकारों की टीम ने इस महिला और आसपास के लोगों से मालूम किया तो जानकारी मिली कि लेखपाल साहब यहां आये ही नहीं जांच के लिए। अब देखना ये है कि ऐसे संवेदनहीन मामले पर उच्चाधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं। वही इस संबंध में हल्का लेखपाल ब्रह्मा नंद ने बताया कि इतना ज्यादा आय, निवास और जाति प्रमाण पत्र बनने के लिए आ रहा है कि हर लोगों के पास जांच के लिए पहुंचना कठिन है। अगर कोई त्रुटि हुई है तो संशोधन करा दिया जाएगा।

## परिवार परामर्श केंद्र में 06 पारिवारिक विवादों का हुआ निस्तारण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में कुल 25 पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें 06 पत्रावलियों का सफल निस्तारण संभव हुआ। परामर्शन में मुख्य परामर्शदाता अरुण यादव, वंदना मिश्रा, संजय कुमार पांडे, का विशेष योगदान रहा। अनुपम त्यागी (थाना महिला प्रभारी) व महिला आरक्षी नीतू मिश्रा का भी सराहनीय योगदान रहा। निस्तारित किए वाद में बृजेश कुमार बनाम ममता जयसवाल , थाना– रेहरा बाजार बलरामपुर, बृजमोहन बनाम रीता, थाना–गैसड़ी,सरीबुनिसा बनाम मोहम्मद जमील, थाना–महाराजगंज तराई, सुनीता बनाम रामप्रकाश, थाना– सादुल्लाह नगर, प्रमिला बनाम चिनकने, थाना–को0 जरवा, सीमा उर्फ गुड़िया बनाम रवि कुमार थाना–को 0देहात बलरामपुर शामिल रहे।

## विधायक ने कार्यकर्ताओं को सरकार की नीतियों के बारें में दी जानकारी

बलरामपुर। उतरौला विकासखंड के सभागार में मंडल कार्यशाला की बैठक की गई, जिसमें मुख्य अतिथि संजय शर्मा,सदर विधायक पल्टूराम ने सरकार के नीतियों के बारे में विस्तृत रूप से योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुऐ संगठन सक्रिय होकर आने वाले विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से सरकार बनाने के लिए अपील की। दूसरी पाली में रामदयाल यादव ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के लिए सब कुछ है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिगुणायत, महंत जितेंद्र वन, चंद्र प्रकाश मौर्या, अंजनी मिश्रा,राघव राम वर्मा, नंदकिशोर मिश्रा,रण विजय सिंह,पंकज सिंह, आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## काकोरी काण्ड के वर्षगांठ पर आज होगा विविध कार्यक्रम

बलरामपुर। आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरीचौरा शताब्दी महोत्सव आयोजन की श्रृंखला में 9 अगस्त को काकोरी काण्ड की वर्षगांठ पर वीर शहीदों को नमन कार्यक्रम जनपद में व्यापक रूप से आयोजित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक गोविन्द राम ने दी ।

## निवर्तमान खण्ड शिक्षाधिकारी की विदाई एवं नवनियुक्त बीईओ का स्वागत समारोह आयोजित

बलरामपुर। गैसड़ी ब्लाक संसाधन केन्द्र के परिसर में वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी कुलदीप नारायण सिंह का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामचंद्र मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा अधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उत्तर प्रदेश के पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनूप सिंह द्वारा पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यकाल के दौरान अच्छे कार्यों की सराहना की गई तथा नये खंड शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने की अपील करते हुए यह आश्वासन दिया गया कि विकासखंड गैसड़ी को प्रेरक ब्लॉक बनाने के लिए हम सभी शिक्षक आपका पूर्ण सहयोग करेंगे। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी ह्रदय शंकर लाल श्रीवास्तव द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान अनुभव को विस्तार से साझा करते हुए सभी अध्यापकों के कार्यों की सराहना की तथा कहा कि विकासखंड गैसड़ी के सभी शिक्षक बेहद ऊर्जावान तथा सकारात्मक रुख के साथ सभी आदेशों निर्देशों का पालन करते रहे हैं और यह आशा भी व्यक्त की कि आने वाले समय में नए खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में यह ब्लॉक और आगे बढ़ेगा।वर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी कुलदीप नारायण सिंह ने सभी शिक्षकों से सकारात्मक होकर विकासखंड को प्रेरक ब्लॉक बनाने के लिए आह्वान किया।

# महिला हॉकी खिलाड़ियों को 31–31 लाख देगी MP सरकार

टोक्यो ओलंपिक समाप्त हो गया है। भारत ने इस ओलंपिक में कुल 7 पदक जीते जिसमें एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं। लेकिन इस ओलंपिक में सबसे ज्यादा चर्चा हॉकी टीम खासकर महिला हॉकी टीम की रही। महिला हॉकी टीम अपने जुझारूपन और दिलेरी से इतिहास रखने में कामयाबी हासिल की। हालांकि यह बात भी सच है कि उनका इस ओलंपिक में पदक जीतने का सपना टूट गया। उन्हें सेमीफाइनल में हार का सामना करना। भारतीय महिला हॉकी टीम को लेकर देश में तरह–तरह के सम्मान का ऐलान किया गया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी भारतीय महिला टीम के लिए पुरस्कार का ऐलान किया है। शिवराज ने कहा कि हमारी महिला हॉकी टीम ने ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया। वे भले ही हार गए हों, लेकिन उन्होंने देश का दिल जीत लिया। हमने तय किया है कि इस टीम की सभी सदस्य बेटियों को 31–31 लाख रुपये की निधि से सम्मानित किया जाए। मुझे विश्वास है कि भविष्य में हमारी बेटियां जीतेंगीं। इसी पर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच रहे शोर्ड मारिन ने बड़ा बयान दिया है। शोर्ड मारिन ने कहा कि हमारी चौंपियन के लिए यह अच्छी खबर है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टीम के सभी खिलाड़ियों को 31–31 लाख रुपए देने की घोषणा की है जो थोड़े अंतर से मेडल जीतने से चूक गईं। आपको बता दें कि भारतीय महिला हॉकी टीम को ब्रिटेन ने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक के रोमांचक मुकाबले में उसे 4.3 से हरा दिया। भारतीय महिला टीम ने सेमीफाइनल में




पहुंचकर पहले ही सफलता के नये मानदंडों को छू लिया था। कांस्य पदक जीतने के करीब भी पहुंची लेकिन रियो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता दुनिया की चौथे नंबर की ब्रिटिश टीम ने उसके साथ करोड़ों भारतीयों का भी दिल तोड़ दिया।

## पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए हर पहलू में नए सिरे से शुरुआत करूंगी: लवलीना

*भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने कहा कि, तोक्यो अब अतीत है, पेरिस के लिये हर पहलू से नयी शुरुआत करूंगी।यह 23 वर्षीय खिलाड़ी ओलंपिक में पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज है।*




नयी दिल्ली। अपने ओलंपिक पदार्पण पर पदक जीतना लवलीना बोरगोहेन के लिये सोने पे सुहागा जैसा रहा लेकिन इस भारतीय मुक्केबाज ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक अब अतीत की बात हैं और वह पेरिस में 2024 में होने वाले खेलों के लिये अपने खेल के हर पहलू में नये सिरे से शुरुआत करेगी। लवलीना ने तोक्यो में महिलाओं के 69 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने से विशेष बातचीत में अपने करियर के विभिन्न पहलुओं और पदक जीतने के बाद की जिंदगी पर नजर डाली। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी ओलंपिक में पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय मुक्केबाज है। उनसे पहले विजेंदर सिंह (2008) और एमसी मैरीकॉम ने यह उपलब्धि हासिल की थी। लवलीना ने अपना अभियान समाप्त करने के बाद ही अपने बलिदानों पर बात करने की सौगंध खायी थी और उन्होंने ऐसा किया भी। उन्होंने कहा, ''मेरा पहला बलिदान पिछले आठ वर्षों से घर से दूर रहना और मुश्किल परिस्थितियों में परिवार वालों का साथ नहीं दे पाना था। यह सबसे बड़ा बलिदान था। '' लवलीना ने कहा, ''मैंने व्यक्तिगत तौर पर अपनी कुछ इच्छाओं को मारा जैसे वह भोजन नहीं कर पाना जैसा कि मेरी उम्र के लोग पसंद करते हैं। मैंने खेल पर ध्यान देने के लिये अवकाश नहीं लिया और ऐसा लगातार आठ साल तक चला।'' उन्होंने अब छुट्टियां मनाने की योजना बनायी है और इसके बाद पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटना चाहती हैं जिनका आयोजन तीन साल बाद होना है। उन्होंने कहा, ''तोक्यो ओलंपिक अब अतीत की बात है। मुझे केवल एक नहीं अपने खेल के हर पहलू पर नये सिरे से शुरुआत करनी होगी।'' उनके बदलावों में अपने घूंसों को अतिरिक्त मजबूती प्रदान करना भी शामिल होगा।

## तोक्यो ओलंपिक का समापन, तीन साल बाद पेरिस में आयोजित किये जायेंगे Olympic

तोक्यो। कोविड–19 वायरस और निकट आ रहे तूफान के बीच असाधारण तोक्यो ओलंपिक खेलों का रविवार को यहां रोशनी के फव्वारों के बीच समापन हो गया जिसमें उम्मीद और दृढ़ता का अभूतपूर्व प्रदर्शन दिखा। जापान की राजधानी में इतिहास के सबसे विशिष्ट खेलों का समापन शानदार आतिशबाजी के साथ हुआ जिसमें नृत्य, गायन और खुशियां मनाना शामिल रहा। कोविड–19 महामारी के दौरान जान गंवाने वालों को याद करते हुए आगे बढ़ने के संदेश के साथ ओलंपिक ध्वज पेरिस को सौंपा गया जहां अगले ओलंपिक खेल तीन साल बाद आयोजित किये जायेंगे। वैश्विक स्वास्थ्य संकट के कारण एक साल देरी, बढ़ती लागत और आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों की विभाजित राय के बीच तोक्यो ओलंपिक तमाम चुनौतियों को पार करते हुए समापन समारोह तक पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक ने ओलंपिक खेलों का औपचारिक समापन करने के बाद कहा, ''एथलीट तेजी से आगे बढ़े और मजबूत हुए क्योंकि वे सभी एकजुट होकर खड़े थे। आप लोगों ने हमें खेलों




के इस एकीकृत प्रतीक से प्रेरित किया। आपने महामारी में जिन परिस्थितियों का सामना किया, ये खेल इसलिये भी ज्यादा उल्लेखनीय थे। '' बाक के बिना खेलों का आयोजन मुमकिन नहीं हो पाता, उन्होंने कहा, ''महामारी के बाद पहली बार दुनिया एकजुट हुई। लोग भावनाओं से जुड़े थे, वे खुशी और प्रेरणा के पलों को साझा कर रहे थे। इससे हमें उम्मीद मिलती है, यह हमें भविष्य में भरोसा देता है। '' उन्होंने कहा, ''तोक्यो में ओलंपिक खेल 'उम्मीद, एकजुटता और शांति के ओलंपिक खेल' थे। आप जापानी लोगों ने जो हासिल किया है, उस पर आप बेहद गर्व कर सकते हो। सभी खिलाड़ियों की ओर से हम आपको कहते हैं 'शुक्रिया तोक्यो, शुक्रिया जापान'। '' जापान का ध्वज 68,000 दर्शकों की क्षमता वाले नेशनल स्टेडियम में फहराया गया जिसमें कोविड–19 महामारी के कारण दर्शकों की कमी थी। इसके बाद दुनिया भर के खिलाड़ियों, गणमान्य व्यक्तियों और अधिकारियों के सामने समारोह शुरू हुआ। खिलाड़ियों ने स्टेडियम में प्रवेश किया और मंच के चारों ओर एक घेरा बनाया। उद्घाटन समारोह में जहां खिलाड़ी 'फॉर्मल' पोशाक पहने थे तो वहीं समापन समारोह उनके लिये लुत्फ उठाने और 'रिलैक्स' होने का मौका था। काफी बड़ी संख्या में खिलाड़ी पहुंचे और वे अपने मोबाइल फोन से इस क्षण को कैद कर रहे थे। कुछ ध्वज फहरा रहे थे तो कुछ तोक्यो की उमस भरी शाम में पसीना पोछ रहे थे। समापन समारोह की थीम 'वर्ल्ड वी शेयर' थी जिसमें रौशनी से लेकर संगीत के शो, आतिशबाजियां और स्टंट शामिल थे।

## सेबी ने स्वतंत्र निदेशकों से जुड़े नियमों में संशोधन किया

नयी दिल्ली पूंजी बाजार नियामक सेबी ने स्वतंत्र निदेशकों की स्वतंत्रता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए उनकी नियुक्ति, बर्खास्तगी और पारिश्रमिक से संबंधित नियमों में बदलाव किया है। कॉरपोरेट धोखाधड़ी और प्रवर्तकों के कुप्रबंधन का पता लगाने और रोकने में नाकामी के लिए जांच के दायरे में आने वाले स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका की पृष्ठभूमि में इस घटनाक्रम का महत्व बढ़ जाता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक अधिसूचना में कहा कि नए नियम एक जनवरी, 2022 से लागू



होंगे। नए नियमों के तहत किसी सूचीबद्ध कंपनी में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति, पुनर्नियुक्ति और बर्खास्तगी का काम शेयरध ारकों के विशेष प्रस्ताव के जरिये किया जाएगा। विशेष प्रस्ताव में, प्रस्ताव के पक्ष में मतों की संख्या प्रस्ताव के खिलाफ डाले जाने वाले मतों से कम से कम तीन गुना ज्यादा होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि स्वतंत्र निदेशकों को प्रवर्तकों के इशारे पर हटाया या नियुक्त नहीं किया जाए। सेबी ने तीन अगस्त की तारीख वाली इस अधिसूचना में कहा कि सूचीबद्ध इकाई को यह सुनिश्चित करना होगा कि निदेशक मंडल में किसी व्यक्ति की नियुक्ति के लिए शेयरधारकों की मंजूरी अगली आम बैठक में या नियुक्ति की तिथि से तीन महीने की समयावधि के भीतर, जो भी पहले हो, ली जाए। इसके अलावा नये नियमों के तहत यह जरूरी है कि स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी हो और उसे विस्तार से बताया गया हो।

## पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस इस महीने से अपने वसूली के प्रयासों को तेज करेगी : सीईओ

नयी दिल्ली। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस को उम्मीद है कि वह इस महीने से अपने डूबे कर्ज का प्रबंधन बेहतर




तरीके से कर सकेगी। कर्ज लेने वालों के खिलाफ नरम रुख अपनाने के अदालती आदेश की समयसीमा 31 अगस्त को समाप्त हो रही है। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि इसके बाद कंपनी कर्ज चुकाने में सक्षम अपने ग्राहकों से भुगतान शुरू करने को कहेगी। कंपनी की सकल गैर–निष्पादित आस्तियां (एनपीए) 30 जून, 2021 के अंत तक कुल ऋण पर छह प्रतिशत बढ़कर 3,625 करोड़ रुपये हो गईं। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के दौरान कंपनी का सकल एनपीए 2.7 प्रतिशत था। कंपनी ने कहा कि विभिन्न राज्यों में अदालतों तथा उच्च न्यायालयों ने ऋणदाताओं से महामारी की दूसरी लहर के दौरान कर्जदारों पर किसी तरह की कानूनी या प्रशासनिक कार्रवाई नहीं करने को कहा था। कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान 45 दिन लॉकडाउन रहा जिससे गतिविधियां प्रभावित हुईं। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरदयाल प्रसाद ने साक्षात्कार में कहा, ''इस महीने से हम डूबे कर्ज का प्रबंधन बेहतर तरीके से कर सकेंगे।'' उन्होंने कहा कि अंकुशों की वजह से वसूली के मोर्चे पर कुछ समस्याएं आईं। उन्होंने कहा कि यदि किसी ने कंपनी से कर्ज लिया है, तो परिवार में किसी के साथ हादसा होने, या कारोबार समाप्त होने जैसी परिस्थितियों को छोड़ दिया जाए, तो उसे कर्ज लौटाना होगा। प्रसाद ने कहा, ''यदि आपने कर्ज लिया है और आपको कारोबार अच्छा चल रहा है, तो मुझे अपना पैसा वापस मांगने का पूरा अधि कार है।'' उन्होंने कहा कि कंपनी मामला–दर–मामला आधार पर समाधान ढूंढेगी। 30 जून, 2021 तक कंपनी का कोविड–19 से संबंधित पुनर्गठित ऋण 1,733 करोड़ रुपये था। जून में समाप्त तिमाही में कंपनी ने 243 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 257 करोड़ रुपये था। इस तरह इसमें पांच प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी।

## संक्षिप्त



### तोक्यो ओलंपिकः खेलों के दौरान कोविड–19 के 458 मामले सामने आये

तोक्यो। तोक्यो ओलंपिक के आयोजकों ने सोमवार को कोविड–19 के 28 नये मामलों की घोषणा की लेकिन इनमें कोई खिलाड़ी शामिल नहीं है। तोक्यो ओलंपिक का आयोजन दर्शकों के बिना किया गया और आयोजकों के अनुसार रविवार को समाप्त हुए इन खेलों के दौरान कोविड–19 के कुल 458 मामले सामने आये। नये मामलों में 13 ठेकेदार और छह खेलों से जुड़े व्यक्ति शामिल हैं। इसके अलावा छह स्वयंसेवक, तोक्यो 2020 के दो कर्मचारी और एक मीडियाकर्मी भी संक्रमित पाया गया। इनमें से 21 जापान के निवासी हैं। ओलंपिक के दौरान इन खेलों से जुड़े जितने मामले सामने आये उनमें से 307 जापान के निवासी थे। खेल शुरू होने लेकर समापन तक जो 458 मामले सामने आये उनमें 29 खिलाड़ी भी शामिल हैं। खेलों के दौरान विदेशों से कुल 42711 मान्यता प्राप्त लोग जापान पहुंचे थे। इनमें खिलाड़ी, अधिकारी, मीडियाकर्मी आदि शामिल हैं। महामारी के बावजूद तोक्यो ने सफल ओलंपिक खेलों का आयोजन किया। इनका समापन रविवार को रंगारंग समारोह के साथ हुआ। अमेरिका ने 39 स्वर्ण पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। चीन 38 स्वर्ण लेकर दूसरे जबकि जापान रिकार्ड 27 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत ने एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित कुल सात पदक जीतकर ओलंपिक खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### लोढ़ा समूह ने 3,500 करोड़ रुपये की रियल्टी परियोजनाओं के लिए चार संयुक्त उद्यम बनाए

नयी दिल्ली। लोढ़ा ब्रांड नाम से संपत्तियों की बिक्री करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स ने अप्रैल–जून की तिमाही के दौरान 3,500 करोड़ रुपये के बिक्री मूल्य की परियोजनाओं के निर्माण के लिए चार संयुक्त उद्यमों का गठन किया है। कंपनी मुंबई और पुणे क्षेत्रों में अपनी पहुंच के विस्तार के लिए प्रत्येक तिमाही में इस तरह के दो गठजोड़ की योजना बना रही है। मुंबई की कंपनी मैक्रोटेक (पूर्व में लोढ़ा डेवलपर्स) देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में से है। 2,500 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के बाद अप्रैल में यह कंपनी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई है। मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रबंध ा निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक लोढ़ा नेसाक्षात्कार में कहा कि कोविड–19 महामारी के बावजूद वह आवास क्षेत्र की वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त हैं।उन्होंने कहा, ''हम भविष्य की वृद्धि के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और पुणे में विस्तार करना चाहते हैं।''लोढ़ा ने कहा कि पहली तिमाही के दौरान कंपनी ने परियोजनाओं के निर्माण के लिए भूमि मालिकों तथा स्थानीय बिल्डरों के साथ तीन संयुक्त विकास करार (जेडीए) किए हैं। इसके तहत कुल क्षेत्र 33 लाख वर्ग फुट है। उन्होंने कहा कि इन चार परियोजनाओं का अनुमानित बिक्री मूल्य 3,500 करोड़ रुपये है। कंपनी ने मुंबई महानगर बाजार में 2,550 करोड़ रुपये की बिक्री संभावना के तीन जेडीए किए हैं। इसके अलावा पुणे में 900 करोड़ रुपये की बिक्री संभावना का एक जेडीए किया है।

### अगस्त के पहले सप्ताह में बिजली की खपत 9.3 प्रतिशत बढ़कर 28.08 अरब यूनिट पर

नयी दिल्ली। राज्यों द्वारा लॉकडाउन अंकुशों में ढील के बाद से देश में बिजली की खपत अगस्त के पहले सप्ताह में 9.3 प्रतिशत बढ़कर 28.08 अरब यूनिट (बीयू) पर पहुंच गई। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक से सात अगस्त, 2020 के दौरान बिजली की खपत 25.69 अरब यूनिट रही थी। यह महामारी से पहले एक से सात अगस्त, 2019 में 25.18 अरब यूनिट रही थी। पिछले साल पूरे अगस्त माह में बिजली की खपत 109.21 अरब यूनिट रही थी, जो 2019 के अगस्त के 111.52 अरब यूनिट के आंकड़े से कम है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगस्त के पहले सप्ताह में बिजली की मांग में सतत सुधार हुआ है तथा राज्यों द्वारा अंकुशों में ढील के बाद आर्थिक गतिविधियों में तेजी से बिजली की मांग और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में वाणिज्यिक एवं औद्योगिक मांग से बिजली की मांग तथा खपत में और सुधार देखने को मिलेगा। इस साल अप्रैल से बिजली की व्यावसायिक तथा औद्योगिक मांग राज्यों द्वारा लगाए गए अंकुशों से प्रभावित हुई थी।अगस्त के पहले सप्ताह में व्यस्त समय की पूरी की गई बिजली की मांग या दिन में बिजली की सबसे अधिक आपूर्ति 188.59 गीगावॉट की रही। यह पिछले साल समान अवधि में दर्ज 165.42 गीगावॉट के आंकड़े से 14 प्रतिशत अधिक है।अगस्त, 2020 के पूरे महीने में व्यस्त समय की पूरी की गई बिजली की मांग 167.52 गीगावॉट थी। यह 2019 के समान महीने के 177.52 गीगावॉट के आंकड़े से कम है।

### निर्यातकों ने कहा, 400 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य के लिए समस्याओं को दूर करना जरूरी

नयी दिल्ली। निर्यातकों का कहना है कि चालू वित्त वर्ष में 400 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए कंटेनरों की भारी कमी को दूर करना, निर्यात के लिए ढुलाई भाड़े को नियंत्रित करना और लंबित बकाये का समय पर रिफंड सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश से निर्यात बढ़ाने में मदद करने वाले अन्य कारकों में यह सुनिश्चित करना शामिल है कि विभिन्न मुक्त–व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए बातचीत से भारतीय सामान के लिए अधिक बाजार पहुंच का निर्माण हो, निर्यातोन्मुखी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया जाए, निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय दरों पर ऋण उपलब्ध हो और सभी राज्यों में केंद्रित उत्पादों के लिए समर्पित अनुसंधान एवं विकास तथा डिजाइन केंद्रों में निवेश किया जाए। प्रमुख चमड़ा निर्यातक और फरीदा समूह के चेयरमैन रफीक अहमद ने कहा कि निर्यातकों को कंटेनरों की कमी से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, और इसका तुरंत हल करने की जरूरत है।

## सम्पादकीय........

# खेलों के प्रति बदले रवैया

किसी भी खिलाड़ी के लिए ओलिंपिक में हिस्सा लेना ही बड़ी उपलब्धि होती है. पदक जीतना तो किसी सपने के साकार होने जैसा होता है. नीरज चोपड़ा ने तोक्यो ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीत कर भारत का मान ऊंचा किया है. इस आयोजन में स्वर्ण पदक जीतनेवाले वे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं. इस जीत के साथ ही भारत के इस ओलिंपिक में सात पदक हो गये हैं, जो किसी ओलिंपिक खेल में सबसे अधिक पदक जीतने का भारत का नया रिकॉर्ड है.नीरज ओलिंपिक के व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत के लिए गोल्ड जीतनेवाले दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं. उनसे पहले अभिनव बिंद्रा ने 2008 के बीजिंग ओलिंपिक में 10 मीटर राइफल शूटिंग में स्वर्ण जीता था. हरियाणा के पानीपत के एक छोटे से गांव से आनेवाले नीरज सेना में सूबेदार हैं. उन्होंने 2016 में पोलैंड में जूनियर खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था. राष्ट्रमंडल खेलों में और 2018 के एशियाई खेलों में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था. हालांकि भारतीय महिला हॉकी टीम कांस्य पदक तो हासिल नहीं कर सकी, लेकिन उन्होंने जिस जज्बे से ब्रिटेन की मजबूत टीम से मुकाबला किया, वह सराहनीय है. मीराबाई चानू ने रजत पदक जीत कर भारोत्तोलन स्पर्धा में भारत को 21 वर्षों बाद कोई पदक दिलाया. भारोत्तोलन में पदक जीतनेवाली वे भारत की दूसरी महिला हैं. इससे पहले 2000 के सिडनी ओलिंपिक में कर्णम मल्लेश्वरी ने कांस्य पदक जीता था. वेटलिफ्टिंग ताकत का खेल हैं. इसमें बहुत पौष्टिक आहार चाहिए, जबकि चानू का जीवन बहुत संघर्षपूर्ण रहा. ओलिंपिक खेलों में गांव व छोटे शहरों से आये खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है. इसमें उनकी निजी कोशिशों का योगदान कहीं ज्यादा अहम हैं. आम धारणा यह है कि खेलों में सुविधाओं के कारण समृद्ध देशों का प्रदर्शन बेहतर रहता है. इसके उलट गांव–देहात से और कमजोर पृष्ठभूमि से निकले हमारे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं. मसलन, महिला हॉकी टीम में झारखंड की भी दो बेटियां– डिफेंडर निक्की प्रधान और मिडफील्डर सलीमा टेटे– खेलीं. ये दोनों काफी संघर्ष के बाद भारतीय टीम में जगह बना सकीं. निक्की प्रधान आदिवासी बहुल जिले खूंटी के हेसल गांव से हैं. उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि मजबूत नहीं है. सलीमा टेटे सिमडेगा जिले से हैं. उनका भी सफर आसान नहीं रहा है. पहलवान रवि दहिया हरियाणा के सोनीपत के नाहरी गांव से हैं.डिस्कस थ्रो की खिलाड़ी कमलप्रीत पंजाब के मुक्तसर के एक गांव की रहनेवाली हैं. मुक्केबाज लवलीना असम के गोलाघाट जनपद के बरो मुखिया गांव से हैं. पैदल चाल में हिस्सा लेनेवाली मेरठ की प्रियंका गोस्वामी के पिता यूपी रोडवेज में परिचालक थे. खबरों के अनुसार लंबे समय तक प्रियंका एक समय का खाना गुरुद्वारे के लंगर में खाती थीं. पंजाब के लुधियाना जिले के एक गांव से निकली मुक्केबाज सिमरनजीत कौर की मां जीविकोपार्जन के लिए छोटे–मोटे काम करती थीं और पिता एक मामूली नौकरी में थे. इसके बावजूद सिमरनजीत ने कड़ी मेहनत कर ओलिंपिक टीम में जगह बनायी.अगर हमें खेलों में आगे आना है और पदक जीतने हैं, तो वक्त आ गया है कि खेलों के अनुकूल वातावरण बने और एक रोडमैप तैयार हो. खेल के नाम पर हम ढांचा तो तैयार कर लेते हैं, लेकिन उसके रखरखाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की जाती है।

## आज का राशिफल

मेष :– भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विास कायम करें।

बृषभ :– व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

मिथुन :– किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीब्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान–प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

कर्क :– समाजिक मान–सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

सिंह :– नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

कन्या :– रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख–सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

तुला :– प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

वृश्चिक :– अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

धनु :– भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें। कार्य क्षेत्र में नये आसारों से उत्साहित होंगे।

मकर :– उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस–पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

कुंभ :– परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा। शिक्षा–प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

मीन:– सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख–साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं।

# आक्रामक विपक्ष और बौखलाती सरकार

**जयशंकर गुप्त**

*कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की चाय–नाश्ते पर आयोजित बैठक में दर्जन भर विपक्षी दलों के नेताओं–प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद इन दलों के नेता–सांसद संसद भवन तक साइकिल यात्रा लेकर गए। इस साइकिल यात्रा में शामिल राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के अन्य सांसदों के पास प्लेकार्ड्स थे जिन पर पेगासस जासूसी प्रकरण से लेकर महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में नारे लिखे थे। इसके दो दिन बाद इन्हीं मांगों के साथ युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संसद भवन के पास पुलिस की तरफ से तेज धार पानी की बौछारों के बीच भारी विरोध प्रदर्शन किया। राहुल गांधी के साथ इन दलों के नेता और सांसद किसानों के धरने में भी शामिल हुए।*

पेगासस जासूसी प्रकरण को लेकर मोदी सरकार की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। विपक्ष के हंगामे के कारण संसद के मानसून सत्र का तीसरा सप्ताह भी बाधित ही रहा। दूसरी तरफ, संसद से लेकर सड़क तक पेगासस जासूसी प्रकरण के साथ ही किसान आंदोलन, महंगाई और बेरोजगारी के सवाल पर विपक्ष की एकजुटता के प्रयास तेज हो रहे हैं। विपक्ष की कवायद को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार के मंत्री और पार्टी के प्रवक्ता इन मुद्दों पर संसद में चर्चा कराने के बजाय संसद नहीं चलने देने के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराते हुए उसे कोस रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर संसदीय गतिरोध के जरिए देश हितविरोधी राजनीति करने तथा संसद का अपमान करने का आरोप भी लगाया है। ओलंपिक खेलों का संदर्भ लेकर उन्होंने कहा है कि एक तरफ देश जीत के गोल पर गोल कर रहा है, वहीं कुछ लोग श्सेल्फ गोलश करने में लगे हैं। जब देश के प्रधानमंत्री विपक्ष के बारे में इस तरह की भाषा बोल रहे हों तो भला उनके मंत्री और पार्टी के प्रवक्ता पीछे कैसे रह सकते हैं। कल तक केंद्र सरकार में वरिष्ठ मंत्री रहे भाजपा के प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि कांग्रेस के डीएनए में संसद के सम्मान के संस्कार ही नहीं हैं। ऐसा कहते हुए वे और उनके नेता आसानी से भूल जा रहे हैं कि उनकी पार्टी ने संप्रग सरकार के जमाने में किस तरह से संसद के सत्र दर सत्र बाधित किए थे। तब उन्हें संसद में हल्ला–हंगामा विपक्ष का संसदीय दायित्व और लोकतांत्रिक अधिकार लगता था लेकिन अब विपक्ष की वही भूमिका उन्हें देशहित के विरुद्ध और संसद का अपमान नजर आ रही है। लेकिन इस सबका विपक्ष की आक्रामकता पर खास असर नहीं पड़ रहा है। तकरीबन एकजुट विपक्ष पेगासस जासूसी प्रकरण पर चर्चा होने तक संसद के दोनों सदनों को बाधित करने पर अडिग है। और अब तो विपक्ष महंगाई और बेरोजगारी के सवाल को भी इसके साथ जोड़ते हुए सड़क पर भी उतरने लगा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की चाय–नाश्ते पर आयोजित बैठक में दर्जन भर विपक्षी दलों के नेताओं–प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद इन दलों के नेता–सांसद संसद भवन तक साइकिल यात्रा लेकर गए।



इस साइकिल यात्रा में शामिल राहुल गांधी से लेकर विपक्ष के अन्य सांसदों के पास प्लेकार्ड्स थे जिन पर पेगासस जासूसी प्रकरण से लेकर महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में नारे लिखे थे। इसके दो दिन बाद इन्हीं मांगों के साथ युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संसद भवन के पास पुलिस की तरफ से तेज धार पानी की बौछारों के बीच भारी विरोध प्रदर्शन किया। राहुल गांधी के साथ इन दलों के नेता और सांसद किसानों के धरने में भी शामिल हुए। दरअसल, एक अरसे तक पस्तहाल रहे विपक्षी दलों के लिए बिहार और पश्चिम बंगाल के चुनावी नतीजों ने एक तरह के राजनीतिक आक्सीजन का काम किया है। बिहार में तो बहुत कम अंतर से विपक्ष सरकार बनाने से चूक गया लेकिन पश्चिम बंगाल में एक बार फिर खुद के बूते विजेता के रूप में उभर कर आई ममता बनर्जी में विपक्ष को एक सीमेंटिंग फोर्स और प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दे सकनेवाली जुझारू नेता नजर आने लगी है। ममता बनर्जी ने खुद भी बंगाल से बाहर निकल कर राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के संकेत देने शुरू कर दिए हैं। उनके लिए चुनावी रणनीतिकार की भूमिका निभानेवाले प्रशांत किशोर अलग से सक्रिय हैं। उन्होंने शरद पवार से लेकर विपक्ष के अन्य प्रमुख नेताओं से मिलना–जुलना और उनकी नब्ज टटोलना शुरू कर दिया है। शरद पवार और ममता बनर्जी ने भी भाजपा को मजबूत चुनौती देने की गरज से विपक्ष की एकजुटता पर बल दिया है। ममता बनर्जी ने अपनी हाल की दिल्ली यात्रा में अन्य नेताओं के साथ ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और निवर्तमान अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी मुलाकात की। विपक्ष को एकजुट करने की इस मुहिम के कुछ गलत अर्थ नहीं निकलें, इसके लिए शरद पवार से लेकर ममता बनर्जी ने भी यह साफ करने की कोशिश की है कि कांग्रेस को परे रखकर विपक्ष की एकजुटता कारगर नहीं होगी। लोकसभा की तकरीबन आधी सीटें ऐसी हैं जिन पर भाजपा का सीधा मुकाबला कांग्रेस से ही है। इस सबसे उत्साहित होकर ही राहुल गांधी ने 16 विपक्षी दलों के नेताओं को चाय नाश्ते पर बुलाया। इनमें से विपक्ष की छोटी–बड़ी 14 पार्टियों के नेता तो बैठक में आए लेकिन बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी इस बैठक से दूर ही रहीं। कभी विपक्षी एकता या कहें तीसरे मोर्चे की धुरी रहे चंद्र बाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी के नेता भी बैठक में नहीं दिखे। ओडिशा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल, तेलंगाना राष्ट्र समिति और वाय एस आर कांग्रेस ने भी फिलहाल विपक्षी एकजुटता की इस कवायद से दूरी बनाकर रखी है। ये दल अभी भाजपा और कांग्रेस से समान दूरी बनाए रखने की नीति पर चल रहे हैं। विपक्ष की एकजुटता कुछ खास मुद्दों पर मोदी और भाजपा विरोध तक ही सीमित होगी या फिर इसके आगे चुनावी मैदान में भी एक सशक्त वैकल्पिक चेहरे को सामने रखकर सामूहिक रणनीति तैयार करने की दिशा में ठोस कदम भी बढ़ाएगी! क्या वैकल्पिक नीतियों और कार्यक्रमों पर भी विचार होगा। तकरीबन सभी दल किसान आंदोलन का समर्थन तो कर रहे हैं लेकिन कृषि कानूनों के भविष्य पर कोई खुलकर कुछ नहीं बोल रहा है। इस तरह के कई और सवालों पर भी विपक्ष के नेताओं को मिल–बैठकर विचार करना होगा। वैसे, पौने तीन साल बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस काम के लिए विपक्ष के पास अभी काफी समय है। लेकिन तैयारियां तो अभी से करनी होंगी। जहां तक एकजुट विपक्ष के नेतृत्व का सवाल है, ममता साफ–साफ कुछ कहने के बजाय गोल–मोल बातें करती हैं। लेकिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने साफ किया है कि उनके लिए विपक्ष की एकजुटता महत्वपूर्ण है, चेहरा नहीं। इस बीच हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद की बढ़ी राजनीतिक सक्रियता को भी विपक्ष की एकजुटता के प्रयासों की कड़ी में भी देखा जा रहा है। चौटाला ने जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद तीसरे मोर्चे के गठन पर बल दिया, वहीं सोनिया गांधी के करीबी कहे जाने वाले लालू प्रसाद ने भी पिछले दिनों शरद पवार, मुलायम सिंह यादव और शरद यादव के साथ लंबी मुलाकातें कीं। नीतीश कुमार किसी विपक्षी गठबंधन में शामिल होंगे कि नहीं, यह कह पाना अभी किसी के लिए भी दुरूह कार्य है। लेकिन यह बात तो दावे के साथ कही जा सकती है कि बिहार में भाजपा के साथ साझा सरकार का नेतृत्व करते हुए भी वे खुद को पहले की तरह सहज महसूस नहीं कर पा रहे हैं। गाहे बगाहे भाजपा अपने राजनीतिक मुद्दों को भी बिहार में उछालने–थोपने की कवायद में लगी रहती है। चुनाव से पहले बिहार में राजग की सरकार बनने पर हर हाल में नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाने की प्रतिबद्धता बताने वाली भाजपा के नेता अब खुलकर कहने लगे हैं कि भाजपा की तुलना में आधी से कुछ ही अधिक सीटें जीतने वाले नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा का बड़प्पन था। इस सबके संकेत नीतीश कुमार और उनके करीबी लोग भी बखूबी समझ रहे हैं। बीच–बीच में राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकल्प बनने की संभावनाएं भी हिलोर मारने लगती हैं।हाल के दिनों में नीतीश कुमार के कुछ राजनीतिक फैसलों और बयानों को भी भाजपा के साथ उनकी असहजता के रूप में ही देखा जा रहा है। उन्होंने भाजपा के जनसंख्या नियंत्रण कानून के खिलाफ बयान दिया है। जिस पेगासस जासूसी प्रकरण ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार की नाक में दम करके रखा है, नीतीश कुमार ने इस मामले में उसकी जांच कराए जाने तथा संसद में उस पर चर्चा के पक्ष में बयान दिया है। भाजपा सांसद सुब्रह्मण्यम स्वामी के बाद सत्तापक्ष के एक और बड़े नेता नीतीश कुमार के इस बयान को लेकर अब भाजपा असहज दिखने लगी है। तो क्या वाकई नीतीश कुमार एक बार फिर भाजपा से अलग होकर विपक्ष की कतार में शामिल होने का मन बना रहे हैं! ऐसा वह तभी सोच सकते हैं जब उन्हें 2024 में विपक्ष का सर्वमान्य चेहरा बताकर पेश किया जाए। इसमें सबसे बड़ा पेंच उनकी राजनीतिक विश्वसनीयता को लेकर फंस सकता है। इसका इलहाम नीतीश कुमार को भी होगा ही।

# गोल्ड: मेहनतकशों के बेटे बेटियां जिन्दाबाद

**शकील अख्तर**

सबसे पहले तो किसानों के बेटे जिन्दाबाद! एथलेटिक्स में भारत को नीरज चोपड़ा ने पहला और वह भी सीधे सोने का पदक दिलाया। किसान पिता की फसल सोना बन गई। बजरंगी पुनिया और रवि दहिया भी मेहनतकश किसानों के बेटे हैं। बाक्सिंग और वेट लिफ्टिंग में मैडल दिलाने वाली लड़कियां भी मेहनती परिवारों से हैं। पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों के अधिकांश खिलाड़ी भी इसी बैक ग्राउन्ड के हैं। इन सबकी मेहनत को सलाम। शायद यह सही समय है देश में एक नई खेल नीति को बनाने और गांव तथा गलियों से खिलाड़ियों को खोजने का। उम्मीद है खुशी के इस नायाब मौके पर किसी दूसरे की लकीर छोटी करने की कोशिश नहीं की जाएगी और खेल एवं खिलाड़ी पर ही फोकस किया जाएगा। देश में 13 साल बाद गोल्ड आया है और मोदी सरकार के लिए भी ये खेलों के विकास के लिए एक गोल्डन मौका है। सरकार क्या करेगी यह देखना होगा। अभी तो बस यही कह सकते हैं कि जैसा खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदला वैसा कुछ गिमिक्स (बाजीगिरी) अब सरकार नहीं करेगी!राजीव गांधी का नाम हटाने के बाद गोल्ड जीतने को जिस तरह उससे जोड़ा जा रहा है यह नीरज की मेहनत और प्रतिभा का अपमान है। भक्तों को खुश करने के लिए अंधविश्वास को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। खैर, भारत रत्न देने के बदले नाम बदल दिया। ठीक है। मगर ध्यानचंद का सम्मान और हॉकी के लिए करने को अभी बहुत कुछ है। ध्यानचंद के शहर झांसी में उनके नाम पर एक हॉकी अकादमी बनाना स्थायी महत्व का काम हो सकता है। जैसे बाल को स्टिक से चिपका कर ध्यानचंद विपक्षी गोल तक चार–चार, पांच–पांच, खिलाड़ियों को डाज देते हुए चले जाते थे वैसे ही उनके बेटे अशोक कुमार भी डिब्रलिंग करते थे। और झांसी में गली–गली में बच्चे हॉकीनुमा लकड़ी से खस्ताहाल गेंद या किसी भी लुढ़कने वाली चीज से ऐसी ही जादू भरी कलाकारी करते रहते हैं।मेजर ध्यानचंद और कैप्टन रूप सिंह की झांसी कभी हॉकी की नर्सरी थी। वहां हॉकी के लिए सबसे ज्यादा काम रेलवे ने किया। हर अच्छे खिलाड़ी को नौकरी दी। मगर अब रेल्वे और दूसरे विभागों का जिस तरह निजीकरण किया जा रहा है उसके बाद खिलाड़ियों के लिए नौकरी एक बड़ी समस्या बन जाएगी। पब्लिक सेक्टर में स्टेट और नेशनल खेले खिलाड़ियों को भी एडजस्ट कर लिया जाता था। मगर वे भी सब अब निजी हाथों में जा रहे हैं। इसके लिए किसी नीति की घोषणा होती और उसका नाम मेजर ध्यानचंद खिलाड़ी रोजगार योजना या कुछ और रखा जाता था तो खेलों में अनिश्चित भविष्य से डरे हुए मां–बाप में बच्चों को खिलाने का हौसला बढ़ता। खेलों में एक नारा है कि कैच देम यंग! 7– 8 साल की उम्र में लड़कों को 5– 6 साल की उम्र में लड़कियों को पकड़ना होता है। तराशने का काम उसी उम्र से शुरू होता है। उसके लिए स्पोर्ट्स स्कूल जरूरी हैं। जो हर खेल की नर्सरी जैसे हॉकी के लिए झांसी, भोपाल, जालंधर, कुश्ती के लिए हरियाणा में कम से कम तीन कुश्ती स्कूल, लड़कियों की बॉक्सिंग और वेट लिफ्टिंग के लिए नार्थ ईस्ट में कई स्कूल खोले जाना चाहिए। ये वर्तमान स्टेबलिशमेंट के अतिरिक्त होना चाहिए। ऐसे ही कोचों के लिए भी पटियाला से ज्यादा उन्नत प्रशिक्षण सेंटर होने चाहिए। विदेशी कोच क्लब, जिला या राज्य स्तर पर नहीं रखे जा सकते। वे बहुत महंगे होते हैं। अपने कोच बड़ी तादाद में तैयार करना होंगे। अच्छे और किसी भी आधार पर भेदभाव न करने वाले कोचों का हमारे यहां बहुत अभाव है। गरीब का, किसान का, दलित, पिछड़े का बच्चा कोच के प्रोत्साहन से बढ़ता है और उसकी टेड़ी निगाहों से मुरझा जाता है। विदेशी कोच भेदभाव नहीं करते।क्या आपने कभी पार्क में मैदान में या गलियों में लड़कियों को खेलते देखा है? 5– 6 साल से लेकर टीन एज आने तक लड़कियां किसी भी खेल में लड़कों से कम दम के साथ खेलती नहीं दिखेंगी। स्किल वाले खेलों में तो अपने हमउम्र या दो–तीन साल बड़े लड़कों से भी बेहतर। कई लड़कियां बाद में भी प्रैक्टिस के लिए लड़कों के साथ खेलती हैं और बहुत बेहतर परफार्म करती हैं। मगर हमारे यहां जो सामाजिक स्थितयां हैं वे कितनी भयानक हैं इसका एक नया रूप अभी हम सबने देखा। महिला हॉकी में हेट्रिक लगाने वाली लड़की वंदना कटिहार के घर जाकर उसके परिवार को गालियां दी गईं। कपड़े उतार कर नाचा गया। क्यों? थैंक्स टू द आईटी सेल के फारवर्ड व्हट्स एप मैसेज और जहरीला मीडिया। नफरत और विभाजन का ऐसा माहौल बना दिया है कि भक्त लोग कुछ भी कर सकते हैं। वंदना के यहां आतंक फैलाने वाले खुलेआम कह रहे थे कि दलित टीम में क्यों हैं? इनकी वजह से ही हम हारे। ऐसा अपमान! ऐसे घटिया आरोप! लेकिन क्या किसी ने इसके खिलाफ आवाज उठाई? प्रधानमंत्री, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री, खेलमंत्री ने निंदा की? रोहित वेमूला होस्टल से डॉ. आम्बेडकर का बड़ा चित्र हाथ में लेकर निकला था। ऐसे ही जातिगत अपमान के विष बुझे तीरों से जख्मी नहीं सह सका। आत्महत्या कर ली। क्या हुआ? संसद में उस दिन जिसने तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी के उत्तेजित तेवर देखे होंगे उन्हें याद होगा कि किस तरह इस दर्दनाक घटना के लिए वेमुला और उसके परिवार को ही दोषी ठहराया गया था। श्रीमती ईरानी आरोप उन लोगों पर लगा रहीं थी जो जांच की मांग कर रहे थे। ये उल्टा चोर कोतवाल को डांटे से बहुत आगे की बात है। एकलव्य के उदाहरण को याद दिलाने की कोशिश है। ओलंपिक में खेले जाने वाले खेलों में कौन खेलता है? मेहनतकश परिवारों के बच्चे। ये दम–खम वाले खेल हैं। जहां सुविधाएं कम, भविष्य अनिश्चित मगर मेहनत भरपूर है। अब दलित और ओबीसी बच्चे जब इन खेलों में ज्यादा आने लगे तो हॉकी में परिवर्तन की एक झलक सबने देखी। गर्व करने में तो सबको मजा आ रहा है। मगर इन परिवारों को मिलने वाली गालियों से कितने लोग आहत हुए? वंदना जब हरिद्वार में अपने घर जाएगी तो क्या भावनाएं होंगी? मेरी वजह से परिवार को गालियां खाना पड़ीं। मगर मैं तो अच्छा खेली थी। चार गोल किए। फिर हमें गालियां क्यों दी गईं? है कोई है जो इसका जवाब देने हरिद्वार उसके घर जाए। गले लगाकर बोले कि गलती आपकी नहीं हमारी है। हमारे जहरीले सोच की है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। एक मिसाल कायम की जाएगी कि देश में कोई ऐसा बोलने की हिम्मत नहीं करे। हालांकि यह पहली घटना नहीं है। पहले भी इसी तरह हार के लिए या पेनल्टी स्ट्रोक चुकने के लिए खिलाड़ी के पूरे समुदाय को निशाने पर लेने की कोशिश की जाती थी। मगर उस समय नफरतें ऐसी नहीं थीं। इसलिए नफरतियों का विरोध भी होता था।अभी तो खेलों में दलित ओबीसी के आने की शुरूआत हुई है। जैसे–जैसे इन बच्चों की तादाद बढ़ेगी विरोध बढ़ेगा क्योंकि इन बच्चों की प्रतिभा और मेहनत कथित मेरिट सिद्धांत की कलई खोल देता है। नौकरियों और उच्च शिक्षा में कहा जाता है कि आरक्षण मेरिट को मार रहा है।लेकिन खेलों में आमतौर पर मैरिट ही है। आमतौर पर इसलिए कहा कि यहां भी सिफारिश और तिकड़में बहुत चलती हैं। और इस मामले में कमजोर पृष्ठभूमि से आए बच्चे हमेशा नुकसान उठाते हैं। विनोद कांबली का उदाहरण सबके सामने हैं। सचिन से बहुत बेहतर रिकार्ड के बावजूद वह गुमनामी में खो गया। और सचिन भारत रत्न के साथ राज्यसभा में स्थान भी पा गया। कांग्रेस के बाद अब भाजपा सरकार की भी गुड लिस्ट में है और अभी कुछ और भी पा सकता है। जिन परिवारों, समुदायों की खेल पृष्ठभूमि नहीं होती उनके लिए यहां भी बहुत मुश्किलें हैं। संयोग से किसी को कोई अच्छा कोच मिल जाए तो बात दूसरी है। नहीं तो द्रोणाचार्य ठीक मौके पर एकलव्य का अंगूठा लेकर अर्जुन को आगे बढ़ा देते हैं। मगर ओलम्पिक में तो सिर्फ और सिर्फ खेल ही चलता है इसलिए इतने सालों से हम चंद पदकों से ही खुश हो जाते हैं। प्रतिभा की हमारे यहां कमी नहीं है। मगर उसे ढूंढना गांवों में, गलियों में पड़ेगा। अभी कुश्ती में और भाला फेंक में मैडल जीतने वाले सब लड़के किसान परिवारों के हैं। बजरंग पुनिया ने तो हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को रोकने के लिए सड़कें खुदवाने और अवरोधक लगाने का विरोध करते हुए कहा भी था कि किसानों को मत रोको।

# उर्वशी रौतेला का फ्रिंज लुक हुआ वायरल



अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने हमेशा यहाँ सिद्ध कर के दिखाया है कि वह किसी भी हेयरस्टाइल और ऑउटफिट में बोहोत सुन्दर दिख सकती है। फ्रिंजेस, एक ऐसी हैरस्टीले है जिसे संभालना हर किसी के बस की बात नहीं है, पर उर्वशी रौतेला ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें उन्होंने अपने बालों को दो चोटी में बंधा था और साथ में फ्रिंजेस हेयरस्टाइल सेट की थी। अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, उसमें बेहद सुन्दर दिख रही थी। उर्वशी रौतेला के हर फोटोज सोशल मीडिया पर तहलका मचा देते है पर, इस बार दर्शक, अभिनेत्री के नए लुक को देख कर दंग रह गए क्योंकि वह 16 वर्षीया के–पॉप आर्टिस्ट लिसा जैसी दिख रही थी। दर्शकों ने उर्वशी रौतेला के कमेंट सेक्शन को प्यार से भर दिए और उनके नए लुक की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा की उनकी चहेती अभिनेत्री इंटरनेशनल के–पॉप बैंड ब्लैकपिंक की मेंबर लिसा जैसी दिख रही है। लिसा की भी हेयरस्टाइल उर्वशी रौतेला से मिलती जुलती है और यही बात लोगों को खूब चौंका देने वाली लगी। सनम रे की अभिनेत्री ने एक ऑफ–व्हाइट ड्रेस पहनी हुई है, जिस पर प्यारे ग्रे बटन हैं। चोटी के साथ–साथ फ्रिंजस, उर्वशी रौतेला को और भी आकर्षक बना रहे हैं और उनके लुक को सवार रहे हैं। अभिनेत्री अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अत्यधिक एक्टिव है और उनके वीडियोस हमें दीवाना कर देते है। काम की चर्चा पर, उर्वशी रौतेला एक बड़े बजट की साइंस –फिक्शन तमिल फिल्म के साथ अपना तमिल डेब्यू करेंगी, जिसमें वह एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट और एक आईआईटीयन की भूमिका निभाएंगी, और बाद में वह एक ड्यूल लैंग्वेज थ्रिलर में दिखाई देने वाली हैं। ब्लैक रोज के साथ–साथ थिरुतु पायले 2 के हिंदी रीमेक के साथ में दिखाई देंगी उर्वशी रौतेला। अभिनेत्री को हाल ही में गुरु रंधावा के साथ उनके गीत दूब गए और मोहम्मद रमजान के साथ वर्साचे बेबी के लिए एक ब्लॉकबस्टर रिस्पांस मिला। उर्वशी रौतेला जियो स्टूडियो की वेब सिरिस इंस्पेक्टर अविनाश में रणदीप हुड्डा के साथ मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जो सुपर कॉप अविनाश मिश्रा और पूनम मिश्रा की सच्ची कहानी पर आधारित एक बायोपिक है।

# नीना गुप्ता हर भूमिका में खुद को झोंक देती हैं: मनोज बाजपेयी

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज वाजपेयी ने आगामी सस्पेंस थ्रिलर डायल 100 में अभिनेत्री नीना गुप्ता और साक्षी तंवर के साथ काम करने के बारे में बात की है। बाजपेयी ने कहा, नीना गुप्ता हमारी सीनियर हैं और वह अपनी हर भूमिका में खुद को रखती हैं। वह इसे अपने अंदर से निभाती हैं और कोई झूठा नोट नहीं है – यह सब उनके अपने जीवन के अनुभवों से आया है और यह उन्हें बहुत प्यारा और प्रभावशाली बनाता है। साक्षी के बारे में बात करते हुए उन्होंने खुलासा किया कि वह अभिनेत्री को कई सालों से जानते हैं। बाजपेयी ने कहा, साक्षी तंवर वह है जिसे मैं कई वर्षों से जानता हूं जब वह कॉलेज में थी और मैं थिएटर में थोड़ा ज्यादा अनुभवी था। मैंने उनके साथ एक नाटक किया है जब वह ड्रामेटिक्स सोसाइटी में थी जहां उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी और मैं निर्देशक था, इसलिए मैं उसे उसी समय से जानता हूं। इसका निर्देशन रेंसिल डीसिल्वा ने किया है, जिनके साथ मनोज ने फिल्म अक्स में काम किया था। उन्होने कहा, रेंसिल डिसिल्वा ने फिल्म अक्स लिखी है जो मेरे दिल के बहुत करीब है और कुछ ऐसा जिसे मैं कभी नहीं भूल सकता। बस इतना ही – वह वहां एक लेखक थे और अब मुझे उनके निर्देशन में उनके साथ काम करने का मौका मिला। वह बहुत ही नर्म और मृदुल, काफी उद्यमी और मानवीय व्यवहार के प्रति चौकस इंसान हैं। अभिनेता ने कहा, वह एक नरम टेडी बियर की तरह है जो आपकी बात सुनने के लिए है और जब भी आपको उनकी आवश्यकता होती है वह हर समय आपके साथ रहते हैं। वह बहुत ही मृदुभाषी व्यक्ति है और मुझे उनके साथ काम करने में बहुत मजा आता है। फिल्म 6 अगस्त को जी5 पर रिलीज हुई।




# बिग बॉस 15 के ओटीटी संस्करण में दिखेंगी शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता शेट्टी



टीवी रियलिटी शो बिग बॉस की लोकप्रियता किसी से छिपी नहीं है। इस शो में कई मशहूर हस्तियों को देखा गया है। फिलहाल बिग बॉस 15 के लिए कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। हाल में इस शो में शामिल होने को लेकर कई कलाकारों के नाम जुड़े हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि बिग बॉस 15 के ओटीटी संस्करण में शिल्पा शेट्टी की बहन और अभिनेत्री शमिता शेट्टी नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स बिग बॉस 15 के ओटीटी संस्करण के लिए शिल्पा की बहन शमिता के नाम पर विचार कर रहे हैं। शमिता इससे पहले 2009 में इस शो की प्रतिभागी रही हैं। बताया जा रहा है कि राज कुंद्रा पोर्नोग्राफी मामले में विवादों में आई शिल्पा वर्तमान में सबसे बड़ी न्यूजमेकर हैं। मेकर्स को लगता है कि शिल्पा के चर्चा में होने की वजह से शो में शमिता के प्रति दर्शकों का रुझान बढ़ेगा। शमिता ने छोटे पर्दे पर बिग बॉस के तीसरे सीजन के जरिए 2009 में डेब्यू किया था। हालांकि, इस शो को लेकर उनका अनुभव अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि यह शो बहुत परेशान करने वाला है और वह इसे नहीं देखती हैं। बिग बॉस के तीसरे सीजन की शमिता प्रबल दावेदार थीं। हालांकि, उस वक्त शिल्पा की शादी में शामिल होने के लिए उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया था।शमिता ने 2000 में आई फिल्म मोहब्बतें से बॉलीवुड की फिल्मों में पदार्पण किया था। इसके अलावा वह झलक दिखला जा और खतरों के खिलाड़ी जैसे रियलिटी शोज में नजर आ चुकी हैं। पोर्नोग्राफी केस में शिल्पा द्वारा जारी किए गए पहले बयान को शेयर करते हुए शमिता ने लिखा था, मैं हर एक प्रकार के हालातों में तुम्हारे साथ हूं। बिग बॉस 15 को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर फिल्म निर्माता करण जौहर होस्ट करेंगे। बिग बॉस 15 को पहले वूट पर 6 हफ्ते के लिए प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद इसे कलर्स टीवी पर लॉन्च किया जाएगा। वूट पर शो का प्रसारण 8 अगस्त से शुरू होगा। बताया जा रहा है कि नेहा भसीन, दिव्या अग्रवाल, करण नाथ, उर्फी जावेद, प्रतीक सहजपाल, नेहा मलिक और रोहित रेड्डी इस सीजन में दिखाई देंगे। रुबीना दिलैक शो के पिछले सीजन की विजेता थीं।

# बिना ब्लाउज के साड़ी पहने मौनी रॉय का दिखा ग्लैमरस लुक











टीवी की पापुलर एक्ट्रेस मौनी राय की सोशल मीडिया पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। वह अक्सर अपनी तस्वीरों से चर्चा में रहती हैं। वेस्टर्न ड्रेस हो या ट्रेडिशनल, मौनी हमेशा अपने लुक से छाई रहती हैं। इस बार उन्होंने साड़ी में अपनी तस्वीरें पोस्ट की हैं।

हिन्दी दैनिक **अमित रेखा** 6 कुशीनगर मंगलवार, 10 अगस्त 2021

# 40 रुपए के लिए पेट्रोल पंप कर्मी को घसीटा

## 20 लाख की कार लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचे थे रईसजादे, हवा भरने के बाद कर्मचारी ने पैसे मांगे तो विंडो पर लटकाकर जान लेने का किया प्रयास

लखनऊ। लखनऊ में रईसजादों की फटीचरों वाली हरकत सामने आई है। यहां पारा थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप 20 लाख की कार में फ्यूल भराने पहुंचे कार ड्राइवर ने कर्मचारी की जान लेने की कोशिश की। पंप कर्मी का कार की विंडो में लटके हुए वीडियो सामने आया है। दरअसल, फ्यूल भरवाने के बाद कार ड्राइवर ने टायर में नाइट्रोजन भरवाया। कर्मचारी ने 40 रुपए मांगे तो उसे विंडो पर लटकाकर घसीट लिया। इससे पंप कर्मी की जान पर आफत बन आई। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली। लेकिन गाड़ी वालों का पता नहीं लगा पाई। पुलिस ने आनाकानी के बाद दर्ज किया केस पारा थाना क्षेत्र के मोहान रोड पर एक पेट्रोल पंप है। पुलिस का कहना है कि रविवार दोपहर 2 बजे की पेट्रोल पंप पर कार (UP 32 LR 8454) पहुंची। कार ड्राइवर ने 40 रुपए की नाइट्रोजन हवा भराई। लइक नाम के कर्मचारी ने जब पैसे मांगे तो ड्राइवर ने गाड़ी दौड़ा दी। इस दौरान लाइक ने कार का अगला हिस्सा पकड़ा हुआ था और उसकी जान पर बन गई। घटना के बाद पंप के



कर्मचारी पीड़ित को लेकर पारा थाने पहुंचे। यहां काफी देर तक पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में आनाकानी करती रही। सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज की। लेकिन न तो कार का पता लगाया न आरोपियों के बारे में कोई जानकारी जुटाई। पीड़ित का कहना है कि रसूखदार कार सवारों को पकड़ने से पुलिस बच रही है। सोशल मीडिया बिगाड़ रहा पुलिस के वसूली का खेल किसी घटना के बाद पुलिस कार्रवाई करने की बजाय वसूली की जुगत में लग जाती है। 30 जुलाई को कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में सारे राह बेकसूर कैब चालक की पिटाई के मामले को पुलिस की वसूली ने ही तूल पकड़ा दिया। समय से आरोपी लड़की के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय पुलिस ने पीड़ित का कोतवाली लाकर उससे ही 10 हजार रुपए वसूल लिए। बाद में आरोपी लड़की के खिलाफ केस दर्ज करना पड़ा और घूस लेने वाले इंस्पेक्टर व दो दरोगा लाइन हाजिर हुए। अब पारा पुलिस कार सवार पर कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित को टरका रही है। हालांकि पारा इंस्पेक्टर राजेश कुमार का कहना है कि गाड़ी के बारे पता लगाया जा रहा है।

## डीआईजी होमगार्ड का निलंबन गलत, बहाल करें

लखनऊ,(यूएनएस)। अमिताभ ठाकुर तथा डॉ नूतन ठाकुर ने कहा है कि डीआईजी होमगार्ड संजीव शुक्ला द्वारा अपने विभाग में हुए ट्रान्सफर में गड़बड़ियों एवं भ्रष्टाचार के संबंध में आवाज उठाने पर उन्हें निलंबित किये जाने को पूरी तरह गलत बताया है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के प्रशासनिक भ्रष्टाचार को सामने लाना तथा उसके संबंध में आपत्ति करना किसी भी सेवा नियमावली में निषिद्ध नहीं है और न ही यह किसी प्रकार का कदाचार है. उन्होंने कहा कि ऐसा मात्र अन्य सरकारी कर्मियों में भय पैदा करने तथा सरकारी कर्मियों को सच बोलने से रोकने के लिए किया गया है. अमिताभ तथा नूतन ने संजीव शुक्ला को तत्काल बहाल किये जाने की मांग की है।

## राष्ट्रीय भावना जाग्रत करने के लिये कार्यक्रम करेगी हिन्दू विद्यार्थी सभा

लखनऊ,(यूएनएस)। अखिल भारत हिन्दू महासभा के अनुषांगी संगठन हिन्दू विद्याथी सभा ने आयोजित सम्मान समारोह में प्रदेश अध्यक्ष अंशुमान त्रिवेदी ने कानपुर के शुभम शर्मा को प्रदेश संगठन मंत्री के साथ रितिक शर्मा को जिलाध्यक्ष एवं नवनीत सोनकर को नगर अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री त्रिवेदी ने कहा कि हिन्दू महासभा देश का एकमात्र राजनैतिक दल है और मौजूदा नेतृत्व में संगठन तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका परिणाम सामने है कि छात्र जीवन से ही लोग इस पार्टी से जुडने लगे है। सरोजनीनगर, निकट मरियमपुर चौराहा कानपुर में हुये इस कार्यक्रम में श्री त्रिवेदी ने कहा कि हिन्दू विद्यार्थी सभा के साथ प्रदेश भर से विद्यार्थियों को जोडने और उनमें राष्ट्रीय भावना जाग्रत करने के लिये प्रदेश भर में कार्यक्रम चलाने जा रही है। इन कार्यक्रमों के जरिये विद्यार्थियों को सदस्यता दिलाने के साथ उन्हें सनातन धर्म के प्रति जागरूक भी किया जायेगा। ताकि उनमें पाश्चात्य संस्कृति हावी न हो सके, क्योंकि छात्र देश के भावी कर्णधार है और इस देश को सुरक्षित रखने में हिन्दुत्व और सनातन की रक्षा करने का जज्बा रखने वाले छात्र ही आगे आ सकते है। इससे पहले लखनऊ से कानपुर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष अंशुमान त्रिवेदी को जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रवीण यादव कोषाध्यक्ष हिंदू विद्यार्थी सभा, अमन वर्मा उपाध्यक्ष हिंदू विद्यार्थी सभा, हरी ओम् मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री, अम्बर भाटिया, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कानपुर, प्रकाश मिश्रा प्रदेश मंत्री, सत्य प्रकाश प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री त्रिभुवन प्रताप सिंह, जिला महामंत्री अभय तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य शिवंश शुक्ला, प्रखर, समृद्ध जायसवाल, रंदीप युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कानपुर, प्रवीण त्रिपाठी कानपुर जिला प्रभारी सहित सैकड़ों की संख्या में हिन्दू विद्याथी सभा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ब्रांड फैक्ट्री का रॉक बॉटम वीक शुरू

लखनऊ,(यूएनएस)। ब्रांड फैक्ट्री का रॉक बॉटम वीक शुरू हो गया है, जो आपके लिए बेहतरीन फैशन और डील्स लेकर आया है, ताकि आप सकुशल और सुरक्षित खरीदारी के माहौल में चिंता मुक्त शॉपिंग कर सकें। ब्रांड फैक्ट्री सभी ब्रांड्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट और 3500 रूपये की खरीद पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की छूट पेश करता है, यह आपके और आपके प्रियजनों के लिए अपैरल खरीदारी के लिए जाने का सही समय है।इतना ही नहीं एसबीआई कार्ड आपको 3500 रूपये के न्यूनतम लेन–देन पर 5 प्रतिशत की इंस्टेंट डिस्काउंट देता है। यह ऑफर 15 अगस्त तक ब्रांड फैक्ट्री स्टोर्स में सभी अपैरल ब्रांड्स की खरीद पर मान्य है. तो, कुछ टॉप फैशन ब्रांड्स के साथ अपना बेहतरीन लुक पहनने के लिए तैयार हो जाइए, जो अब ग्रेट डिस्काउंट डील्स पर उपलब्ध हैं। ब्रांड फैक्ट्री के रॉक बॉटम वीक में इन शानदार ऑफर्स के साथ अपने पसंदीदा ब्रांड्स और स्टाइल ट्रेंड्स चुनें अपने सबसे पसंदीदा ब्रांड्स के टी–शर्ट्स, शर्ट्स, ट्राउजर्स, चिनोज, डेनिम्स, टॉप्स, कुर्ता–कुर्तीज, स्कर्ट्स और अन्य फैशन वेयर की वाइड रेंज में से चुनें जैसे कि बफैलो, द प्रिविलेज क्लब, इकतारा, बेयर डेनिम, बेयर लीजर, एसबीपीआरसी, ली कूपर, उम्ब्रो, जॉन मिलर, नाइटहुड, जेलस, हे, स्कलर्स, इंडिगो नेशन, जॉन मिलर, हैंगआउट, इंडिगो नेशन स्ट्रीट, लेविस, क्रोकोडाइल, किलर, सेलियो, जारा, कलर्स, कूल कलर्स, विल्स, नयन्स, रिकैप, हुर्र, जिंक, 612 लीग, क्रिम्सॉन क्लब, लॉमैन, इंटीग्रिटी, टोक्यो टॉकीज आदि। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता, तो आप किसका इंतजार कर रहे हैं।

## आजादी के बाद पहली बार पार्टी दफ्तरों में तिरंगा फहराएगी सीपीएम

लखनऊ,(यूएनएस)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने इस साल पहली बार स्वतंत्रता दिवस को भव्य तरीके से मनाने का फैसला किया है और 15 अगस्त को पार्टी के हर कार्यालय में तिरंगा फहराया जाएगा। माकपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार यह बदलाव लगभग सात दशक से अधिक समय बाद आया है जब अविभाजित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नारा दिया था कि 'ये आजादी झूठी है।

# भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर कर्मचारियों ने बुलंद की अपनी आवाज

लखनऊ,(यूएनएस)। नई पेंशन योजना भारत छोड़ो, संविदा ठेका बंद करो ठेकेदारी प्रथा भारत छोड़ो, वेतन भत्तों मे असमानता भारत छोड़ो, आदि नारों के साथ आंदोलन दिवस पर आज देशभर के कर्मचारियों ने अपनी मांगों पर आवाज बुलंद करते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी, मा0 मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन भेजा। देश के राज्य कर्मचारियो के साथ, केंद्रीय कर्मचारी, निकाय कर्मचारी, संविदा कर्मचारियों ने आज अपने–अपने कार्यालयों में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश में कार्यक्रम का नेतृत्व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया परिषद की सभी जनपद शाखाओं तहसील, ब्लाक स्तर तक पदाधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सम्बध संघो द्वारा प्रदर्शन कर ज्ञापन प्रेषित किया गया। लखनऊ में प्रमुख कार्यक्रम बलरामपुर चिकित्सालय में संपन्न हुआ जिसमें इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्रा परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत, महामंत्री अतुल मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गीरीश चन्द्र मिश्रा, संगठन प्रमुख के के सचान, प्रवक्ता अशोक कुमार, जनपद अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव, इप्सेफ के प्रवक्ता




एवं फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील यादव, सचिव डॉ पी के सिंह, परिषद के उपाध्यक्ष धनंजय तिवारी,एस0 के0 पाठक, जे0पी0 मौर्य, ऑप्टोमेट्रिस्ट संघ के अध्यक्ष सर्वेश पाटिल, सतीश यादव, अभय पांडे, डी डी त्रिपाठी, आर के पी सिंह, राम मनोहर कुशवाहा, श्रवण सचान, सुनील कुमार मीडिया प्रभारी, राजेश चौधरी मण्डलीय मंत्री, का0 सचिव कमल श्रीवास्तव अजय पांडे, महामंत्री अशोक कुमार, परिषद के जिला मंत्री संजय पांडे आदि उपस्थित थे। इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी पी मिश्र ने कहा की केंद्र सरकार द्वारा फ्रिज महंगाई भत्ते की बहाली की घोषणा की गई, लेकिन एरियर घोषित नहीं की गई वही उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में अभी तक महंगाई भत्ते की घोषणा ही नहीं की गई, जिससे कर्मचारी भीषण महंगाई से त्रस्त है। इप्सेफ प्रधानमंत्री से एक देश एक वेतन के सिद्धांत पर निर्णय करने की मांग की है। श्री मिश्रा ने कहा कि पूरे देश के कर्मचारी नई पेंशन योजना को स्वीकार नहीं कर रहे हैं इसलिए इस योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना को सभी कर्मचारियों पर लागू किया जाए। देश में निजी करण प्रथा जनता के हित में नहीं है। अतः इसे समाप्त कर स्थाई पदों का सृजन करना चाहिए, सभी रिक्त पदों को भरा जाए, पदोन्नतिया की जाय, संविदा और ठेकेदारी प्रथा को समाप्त किया जाना चाहिए वर्तमान में जो संविदा और ठेके के कर्मचारी कार्यरत हैं नीति बनाकर उन्हें स्थाई किया जाए। 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को इन्क्रीमेन्ट जोड़कर पेंशन का लाभ दिया जाये। अंग्रेजो के समय के बने हुये कन्डक्ट रूल को संशोधन कर प्रजातांत्रिक व्यवस्था लागू की जाये। परिषद के अध्यक्ष सुरेश रावत, महामंत्री अतुल मिश्रा ने कहा कि शहीद कोरोना वारियर्स के परिवार की 50 लाख की अनुग्रह राशि मिलने में हो रहे विलंब को रोका जाना आवश्यक है, उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के सभी 75 जनपद शाखा द्वारा व्यापक प्रदर्शन पर सात सूत्रीय ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री जी, मा0 वित्तमंत्री भारत सरकार, माननीय मुख्यमंत्री जी सहित कैबिनेट सचिव भारत सरकार, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को प्रेषित कर मांगों की पूर्ति का अनुरोध किया गया। इप्सेफ के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील यादव ने बताया कि देश के अधिकांश राज्यों में विभिन्न कार्यालयों में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कर्मचारियों ने नारों के पट्टिया लेकर अपनी आवाज उठाई। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद लखनऊ के अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ के रोडवेज, गन्ना, सभी चिकित्सालयों, वन विभाग, व्यापार कर, केजीएमयू, डॉ आर एम एल संस्थान, समाज कल्याण आदि कार्यालयों में कर्मचारियों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

# दर–दर हाजिरी देगी बीजेपी की पन्ना कमेटी

## *पांच सूबों के सिंहासन लक्ष्य*

लखनऊ,(यूएनएस)। भारतीय जनता पार्टी को संघ एफिलेटेड पार्टी कहा जाता है।संघ के सदस्य कभी खाली समय बर्बाद नहीं करते हैं।उनके मन मस्तिष्क में एक के बाद दूसरे मिशन पर चल पड़ने की आदत कहे या ललक, पैदा हो जाती है। भाजपा के मूल कैडर के लोगों में भी ऐसा ही जज्बा होता है। बीजेपी के थिंकटैंक वेस्ट बंगाल के नतीजे देख अब अपने ट्रैक और पॉलिसी में कुछ बदलाव करने की सोच रहे हैं। अगले वर्ष फरवरी मार्च में एक साथ पांच सूबों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब,मणिपुर और गोवा में असेम्बली इलेक्शन होने हैं। इनमें पंजाब को छोड़कर सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की ही हुकूमत है। पंजाब में बीजेपी की हालत पतली है, इसे नकार पाना मुमकिन नहीं है।यहाँ बीजेपी को बहुत मेहनत करनी होगी। लेकिन अपनी जहां–जहां सरकार है, वहां–वहां सिंहासन खिसकने न पाए,यह बड़ा सवाल है। उत्तर प्रदेश तो टॉप प्रायरिटी है, क्योंकि वाया यूपी ही दिल्ली का रास्ता जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2.0 उत्तर प्रदेश की ही बदौलत कह दे तो गलत बात नहीं हो सकता। चुनाव हो तो बीजेपी ध्रुंआधार प्रचार और कनवेनसिंग के साथ ही मैक्रोमैनेजमेंट पर भी पूरा ध्यान देती है। जातिवाद की मंच से भले राजनीतिक दल खिलाफत करते हैं मगर फ्लोर पर उतरने के बाद जातीय आधार प्रमुख होता है।टिकट वितरण में बिन इस समीकरण की एनालिसिस टिकट फाइनल नहीं होते हैं।कभी बीजेपी के मुख्य चाणक्य माने जाने वाले गोविंदाचार्य ने जातीय समीकरण को साधने की कला को सोशल इंजीनियरिंग का नाम देकर मिशन फतेह पर आगे बढ़कर कामयाबी की राह दिखाई थी। कामयाब रहे भी थे। गोविन्दाचार्य की जगह अब बीजेपी के नये चाणक्य अमित शाह पार्टी के पास है। उनके भी फार्मूले काफी सफल रहे हैं। यह बात जरूर परेशान कर रही है कि वेस्ट बंगाल मे कहां चूके। अब ढर्रे को थोड़ा बदलने के चक्कर में है पार्टी। बीजेपी के लीडर अपने कार्यकर्ताओं से कहते हैं, बूथ मजबूत, जीत मजबूत।पन्ना प्रमुख का कांसेप्ट पुराना है। अब पन्ना प्रमुख के बजाय पन्ना पैनल बनायेगे।एक पैनल में पांच सदस्य होंगे,जिनको मिलकर अपने निर्धारित परिवारों के सतत संपर्क में रहना है। पांच राज्यों में 2022 में होने वाले चुनाव में पन्ना पैनल मतदाताओं को साधने के काम करेंगे। हर बूथ की वोटरलिस्ट के एक–एक पन्ने पर पैनी निगाह रखते हुए चुनावी समर में उतरने की रणनीति तैयार की गई है। पैनल के जिम्मेदारी पर आधा दर्जन परिवारो यानि करीब 30 लोग होंगे। पैनल सदस्य उन्हें पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धि बताएंगे। यह प्रक्रिया सतत मतदान तक जारी रहेगी। कोरोना काल में लोगों को दिक्कत हुई हैं और आर्थिक संकट भी झेलना पड़ा है। कोरोना की दूसरी लहर समाप्त होने को हैं, वही इलेक्शन भी करीब है। विधानसभा चुनाव जीतने के लिए पुरजोर ताकत झोंकनी है। अन्य दलों को सत्ता हथियाने की ललक है तो बीजेपी को सत्ता कायम रखना प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। पश्चिम बंगाल में जो खामियायां रह गई, उन्हें दूर कर मतदाताओं को बूथ तक पहुचाने की भी जिम्मेदारी अब कमेटी निभायेगी।पन्ना पैनल यानि कमेटी का दायित्व मतदाताओं के बीच मजबूत पैठ बनाने की है।पार्टी ने इस बार 65 फीसदी वोट अपने पक्ष में लाना है।किसी सीट और प्रदेश में जीत में संशय न रहे। पन्ना प्रमुख की सोच 2007 में गुजरात मे वर्तमान गृहमंत्री अमित शाह ने आजमाई थीं, रिजल्ट देखकर इसे अन्य प्रदेशों में अमल में लाने का चलन शुरू हुआ। पहले एक प्रमुख पर दारोमदार रहता था, अब उसकी जगह पांच लोग कम करेगे। भारतीय जनता पार्टी का पाचो प्रदेशों यथा यूपी,उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में अगले वर्ष चुनाव में जीत हासिल करने का लक्ष्य है। सबसे खराब स्थिति पंजाब की मानकर मैदान में उतर रहे हैं। कारण स्पष्ट है, हुकूमत वहां कांग्रेस की है और किसान आंदोलन के कारण माहौल तल्ख है। ऐसे में वहां से किसी पापुलर सियासी शख्सियत की भी जरूरत महसूस की जा रही है जो लोगों को जोड़ने की कूबत रखता हो। कांग्रेस है पहले से मजबूत और ऊपर से आम आदमी पार्टी भी पंजाब में पैठ बनाने की फिराक में है।यूपी में इधर गर्माहट बढ़ी थीं नेतृत्व को लेकर जिसे दिल्ली दरबार ने ठंडा करके चुनाव में उतरने का फरमान सुना दिया है। पंजाब को छोड़कर चारों राज्यों में बीजेपी हाईकमान रणनीति तैयार कर चुका है और सम्बंधित नेताओं के साथ बैठकों के जरिये काम शुरू कर चुका है। अब बस पन्ना कमेटी को प्रक्रिया को धार देने में जुटना है।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड

**– मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर बदमाश श्याम बहादुर वर्मा के पैर में लगी गोली**

अमिट रेखा व्यूरो

प्रतापगढ। पुलिस बदमाशों के बीच मुठभेड़,के दौरान हिस्ट्रीशीटर बदमाश के पैर में लगी गोली, अंधेरे का फायदा उठाकर भाग रहे दुसरे साथी को चोरी बाइक व तमंचा के साथ पुलिस ने दबोचा। पड़ोसी जनपद अमेठी के संग्रामपुर थाना सहित प्रतापगढ़ के कई थानों में है अपराधिक इतिहास के साथ अपराधिक गतिविधि मे शामिल श्याम बहादुर पटेल,की सूचना पुलिस को मिली की थाना अंतू इलाके के सिंघनी पुल के पास बदमाशों मौजूद है जब पुलिस वहा पहुंची तो बदमाशों ने पुलिस पर फायर करना शुरू कर दिया जबाबी कार्यवाही में श्याम बहादुर किस पैर में गोली लगी। अंधेरे का फायदा उठाकर भाग रहे उसके साथी मो० हुसैन को सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपियों के पास से चोरी की बाइक व तमंचा भी पुलिस ने किया बरामद।

## गोरखपुर के नये एसएसपी डॉ विपिन टाडा

अमिट रेखा सत्य प्रकाश यादव

गोरखपुर। 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी विपिन टाडा मूल रूप से जोधपुर के राजस्थान के रहने वाले हैं। विपिन टाडा ने एमबीबीएस की पढ़ाई की है। पिता मच्छी राम पेशे से वकील हैं। इसके अलावा वह मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर और पूर्व मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री सतपाल सिंह के दमाद हैं अपराधियों में रहता है खौफ आईपीएस बनने के बाद वह अपने सखध्त रवैए के लिए जाने जाते हैं. अपने काम और जिम्मेदारी को लेकर वह ट्रेनिंग के दौरान से ही काफी गम्भीर रहे हैं. विपिन ताडा रामपुर के भी कप्तान रहे हैं और उस दौरान उन्होंने एक व्यापारी को अपहरण कर फिरौती के मामले का महज कुछ ही दिनों खुलासा कर दिया था जिसके बाद उनकी काफी तारीफ हुई थी और वह सुर्खियों में आए थे। डा. विपिन ताडा ईनामी बदमाशों को सलाखों के पीछे भेजने और जिले में कानून व्यवस्था कायम रखने के उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किए जा चुके हैं।बोर्ड परीक्षा में कम अंक पाकर भी बने एसपी– विपिन टाडा ने मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि मैंने बेसिक शिक्षा छोटे से स्कूल में हासिल की। रोज साइकिल से स्कूल जाते थे। सातवीं कक्षा में अच्छे नंबर आए तो परिजनों ने आठवीं और नवमीं क्लास के बजाय हाईस्कूल का एग्जाम दिलवा दिया, जिसमें उनके मात्र 56 प्रतिशत अंक आए। इसके बाद इंटर में 62 फीसदी अंक प्राप्त हुए। उन्होंने डॉक्टर बनने का अपना लक्ष्य पहले से ही निर्धारित कर रखा था। इसके लिए उन्होंने पूरी लगन से पढ़ाई की। उन्होंने इंटर के बाद एक साल कोचिंग की। पहले प्रयास में 2002 में एमबीबीएस के लिए सलेक्ट हो गए। इसके बाद राजस्थान के एक गांव में सरकारी अस्पताल मे चिकित्साधिकारी बन गए। वहां आठ महीने तक रहे। तब उन्हें लगा कि डॉक्टर बनकर चंद मरीजों की सेवा की जा सकती है, लेकिन सिविल सेवा में रहकर बहुत से लोगों की सेवा का मौका मिलता है। उन्होंने इसी नजरिये से सिविल सेवा की तैयारी शुरू कर दी। 2011 में भारतीय पुलिस सेवा के लिए उनका सलेक्शन हो गया था।

## जनपद में अमृत महोत्सव कार्यक्रम काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर आज आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**– डीएम व एसपी ने शहीद स्मारक पर चढाया श्रद्धासुमन**

अमिट रेखा दिनेश गुप्ता

देवरिया। आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव आयोजन के श्रृंखला में आज काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगाठ को पूरे जनपद मे भव्य रुप से मनाया गया। शहीद स्मारकों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा वीर शहीदों को नमन किया गया। स्कूलों, कालेजों से प्रभात रैली व तिरंगा यात्रा निकाली गय।राजकीय इंटर कालेज परिसर से स्काउट्स एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रभात रैली व तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जो रामलीला मैदान स्थित शहीद स्थल पर समाप्त हुई। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन, पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज, भाजपा जिलाध्यक्ष अतंर्यामी सिंह सहित अनेक प्रबुद्धजनो द्वारा शहीद स्मारक पर श्रद्धसुमन अर्पित किया गया और उन्हे याद किया गया।इसके उपरान्त टाउनहाल आडिटोरियम में काकोरी शहीद स्मारक स्थल लखनऊ में मा0 राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे सभी उपस्थित जनो द्वारा देखा गया। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।जिलाधिकारी श्री निरंजन ने कहा कि इन महान बलिदानियों, वीर शहीदों के आदर्शो, संघर्षो व त्याग से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा देश की एकता, अखण्डता, अक्षुण्णता बनाए रखने के लिए संकल्प के साथ कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उ0प्र0 गन्ना विकास उपाध्यक्ष नीरज शाही भी कार्यक्रम में सिरकत किए।राजकीय इंटर कालेज से बैण्डधुन के साथ निकली प्रभात रैली व तिरंगा यात्रा कोतवाली चौराहा से अमरज्योती चौराहा, रामेश्वर लाल पेट्रोल पम्प से होते हुए ओवर ब्रिज के नीचे से रेलवे स्टेशन चौराहा, अमन गेट, तहसील चौराहा, नगरपालिका के सामने से होते हुए कोआपरेटिव चौराहा से होते हुए कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान पहुॅची व इस स्थल पर समाप्त हुई। रैली के आयोजनकर्ता के रुप में मुख्य रुप से प्रधानाचार्य जीआईसी पीके शर्मा, उप प्रधानाचार्य महेन्द्र प्रसाद, एडीआईओएस राम हुजूर आदि ने अपनी सक्रियता निभायी व रैली का नेतृत्व किए। शहीद स्थल सहित नगर एवं जनपद के विभिन्न स्थानो में सूचना विभाग द्वारा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जनपद के सभी अंचलों, तहसील मुख्यालयों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका रोहित सिंह, डीआईओ एनआईसी कृष्णानंद यादव, श्रीनिवास तिवारी, अम्बिकेश पाण्डेय, प्रमोद शाही, संजय पाण्डेय, अमित मोदनवाल, पूर्व प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्र सहित प्रबुद्धजन, स्काउट्स, एनसीसी कैडेट आदि इस कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

## आजादी के 75 वर्षगांठ पर प्रभात फेरी निकाला क्रांति वीरो को याद किया गया:राजेश जायसवाल

अमित रेखा सुनील पांडेय
ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में रहे राजेश जायसवाल ने कहा कि भारत के स्वाधीनता आंदोलन में काकोरी कांड की भी




महत्वपूर्ण भूमिका रही है जिसने देश में क्रांतिकारियों के प्रति जनता का नजरिया बदल दिया । मैं सर झुका कर नमन करता हूं इसी कड़ी मे एनसीसी के लेफ्टिनेंट श्रीकांत गौड़ , अवध प्रकाश सिंह ने कहा कि आजादी की लड़ाई में काकोरी कांड इतिहास के पन्ध्नों में दर्ज है। इस कांड के नायकों ने हंसते–हंसते फांसी के फंदे को चूमकर देश के नाम प्राणों की आहुति दे दी। हंसते–हंसते जब वे फांसी के फंदे को चूमकर लटके, तो अंग्रेज अफसरों के सिर शर्म से झुक गए.उसी काकोरी के नायकों ने फांसी के फंदे पर लटककर क्रांतिकारी आंदोलन का रूप दे दिया। जब उन्ध्हें फांसी के फंदे पर लटकाया गया, तो युवाओं का खून उबाल मारने लगा. वे बड़ी संख्ध्या में आजादी की लड़ाई में कूद गए। बहुतों ने तो सरकारी नौकरी तक को लात मार दी। हम सबको ऐसे क्रांतिकारियों को नमन करना चाहिए। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शिवम जायसवाल ,विक्रांत अग्रहरी विक्की अग्रहरी ने कहा की फांसी की सजा की खबर सुनते ही जनता आंदोलन पर उतारू हो गई।अदालत के फैसले के खिलाफ शचीन्द्रनाथ सान्याल और भूपेन्द्रनाथ सान्याल के अलावा सभी ने लखनऊ चीफ कोर्ट में अपील दायर की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. शहीद राम प्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर जेल में 19 दिसंबर 1927 को फांसी दी गई। बिस्मिल ने हंसते–हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया. हमें भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनना चाहिए और और अपने क्रांति वीरों को आदर्श मानकर अपने चरित्र के निर्माण करने चाहिए!! इस दौरान उपस्थित ध्रुव वर्मा नंदू पासवान ध्रुव सिंह महेश लोहिया आशिष जायसवाल आदि एनसीसी के कैडेट उपस्थित रहे।

## पुर्व प्रधान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किए राजेश जायसवाल

अमित रेखा सुनील पांडेय
ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी

महराजगंज भारत की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में एनसिसी कैडेट्स के साथ प्रभातफ़ेरी कर अमर




शहीदों को याद किया व स्वत्रंता सेनानी परिवार के सदस्य पूर्व प्रधान विनिता मौर्या जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ मे तहसीलदार वाचस्पति सिंह ,अधिशाषी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह ,लेफ्टिनेंट कमांडेंट एस.के.गौड़ सभासद नन्दू पासवान ,महेश लोहिया ,ध्रुप वर्मा ,मनोज अग्रहरी ,इशरावती देवी ,अशोक विष्वकर्मा ,विनीता मौर्या ,विक्रांत अग्रहरी ,विक्की अग्रहरी ,विकाश चौरसिया जी,शिवम जायसवाल ,नवीन सोनकर आशिष जायसवाल ,उपस्थित सभी देवतुल्य सम्मानित लोग।

## जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय पर काकोरी काण्ड के शहीदों को श्रद्धांजली दी

अमित रेखा व्यूरो
प्रतापगढ। जिलाधिकारी प्रतापगढ़ डॉ0 नितिन बंसल व पुलिस



अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय पर काकोरी काण्ड के शहीदों को श्रद्धांजली दी गयी एवं इन शहीदों के परिजनों को सॉल व फूलों की माला से सम्मानित किया गया। इस दौरान 42वीं पीएसी वाहिनी, नैनी प्रयागराज से मंगाये गये बैण्ड से राष्ट्रीय गीतों की ध्वनि पर बैण्ड वादन किया गया।

## भाजपा मंडल की बूथ स्तरीय बैठक,में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा

अमित रेखा हरदोई। विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा




ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं ,जिसके चलते शुक्रवार को मलिहामऊ भाजपा की सुरसा मंडल की बूथ स्तरीय कमेटियों की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रीतेश दीक्षित रहे। सुरसा मंडल अध्यक्ष रजनीश वर्मा ने बूथ प्रभारियों को पिछले चुनाव की भांति इस बार भी भाजपा की जीत को सुनिश्चित करवाने के लिए जुट जाने के लिए कहा। मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रीतेश दीक्षित ने कहा की बूथ प्राभारी ही भाजपा पार्टी की रीढ़ है।आप सभी के बदौलत ही भाजपा आज प्रदेश से लेकर देश की सत्ता में है।देश के प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में पार्टी सभी का साथ सभी का विकास के एजेंडे पर कार्य कर रही है। है।केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी लोगों पात्रों तक पहुंचे और मिल सके ये हमारी आपकी जिम्मेदारी है।इन सब की वजह से भाजपा को पुनः सत्ता में लाना है।इस लिए आने वाले विधानसभा चुनाव में आप सभी पुनः उसी जोश के साथ आगे बढे। इस मौके पर प्रभु रूप से आनंद भदौरिया ब्लाक प्रमूख प्रतिनिधि धानंजय मिश्रा प्रमुख विजय पाल ,मण्डल महामन्त्री उमेश तिपाठी मंडल उपाध्यक्ष सुनीत कुमार पध्जापति जी, व नीरज राठौर व भाजपा अनुसूचित मोर्चे के मंडल अध्यक्ष व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष व किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहित सभी सम्मानित उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सेक्टर संयोजकध्सेक्टर प्रभारी गण मौजूद रहे।

## सपा नेता धींरेंद्र यादव का दावा आर एस एस और भाजपा को हराना

अमित रेखा ब्यूरो ताहिर खान

हरदोई। सपा प्रदेश सचिव धीरेंद्र यादव का दाबा – बीजेपी और आरएसएस क सता रहा यूपी विधानसभा चुनाव में हार का डर समाजवादी पार्टी पिहानी कार्यालय पर पार्टी के प्रदेश सचिव ब मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष नीरज अवस्थी समेत कई नेताओं ने अतिथियों का फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया गया मंच का संचालन देव यादव ने किया आए हुए।




अतिथियों का आभार फुरकान अहमद फारूकी ने प्रकट किया बैठक में कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए सपा प्रदेश सचिव धीरेंद्र यादव ने कहा भारत का शासन संविधान से चलता है पर संघ बीजेपी अपना नया संविधान चलाना चाहते हैं नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद अजीम ने कहा सरकार ने रोजगार देने का वादा पूरा नहीं किया सीएम योगी ने नौजवानों से जून तक एक करोड़ रोजगार देने का वादा किया था लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया वही नगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन कासमी ने कहा की किसान आंदोलन कर रहे हैं हमारी समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर किसानों को उसकी जमीनों इमो का उचित मुआवजा मिलेगा उन्होंने दावा किया कि आने वाले 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है समाजवादी पार्टी के जिला सचिव हफीज मंसूरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राज में किसान बहुत ही परेशान है और पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का दावा किया गया था और अब किसान पूछ रहा है की उनकी आए दुगनी कब होगी इस मौके पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष नीरज अवस्थी जिला सचिव हाफिज मंसूरी नगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन कासमी नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद अजीम नगर सचिव सलीम अंसारी ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ब्लॉक उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहम्मद सैफ अली खान हरि ओम भोजवाल जिला सदस्य डॉ कफील खान प्रशांत दीक्षित खालिद खान आदि लोग मौजूद रहे।

## जनपद में अमृत महोत्सव कार्यक्रम काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर आज आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**– निकाली गयी प्रभात रैली तिरंगा यात्रा**
**– शहीद स्मारकों पर अर्पित किए गए श्रद्धासुमन**
**– वीर शहीदों को किया गया याद**
**– डीएम व एसपी ने शहीद स्मारक पर चढाया श्रद्धासुमन**
**– काकोरी शहीद स्मारक स्थल लखनऊ में आयोजित मा0 राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण**
**– वीर शहीदों के त्याग संघर्षो से हमे लेनी चाहिए प्रेरणा:डीएम**

राजू प्रसाद श्रीवास्तव–
अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो

आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव आयोजन के श्रृंखला में आज काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगाठ को पूरे जनपद मे भव्य रुप से मनाया गया। शहीद स्मारकों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा वीर शहीदों को नमन किया गया। स्कूलों, कालेजों से प्रभात रैली व तिरंगा यात्रा निकाली गयी। राजकीय इंटर कालेज परिसर से स्काउट्स एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रभात रैली व तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जो रामलीला मैदान स्थित शहीद स्थल पर समाप्त हुई। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन, पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज, भाजपा जिलाध्यक्ष अतंर्यामी सिंह सहित अनेक प्रबुद्धजनो द्वारा शहीद स्मारक पर श्रद्धसुमन अर्पित किया गया और उन्हे याद किया गया। इसके उपरान्त टाउनहाल आडिटोरियम में काकोरी शहीद स्मारक स्थल लखनऊ में मा0 राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे सभी उपस्थित जनो द्वारा देखा गया। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। जिलाधिकारी श्री निरंजन ने कहा कि इन महान बलिदानियों, वीर शहीदों के आदर्शो, संघर्षो व त्याग से प्रेरणा लेनी चाहिए तथा देश की एकता, अखण्डता, अक्षुण्णता बनाए रखने के लिए संकल्प के साथ कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर उ0प्र0 गन्ना विकास उपाध्यक्ष नीरज शाही भी कार्यक्रम में सिरकत किए। राजकीय इंटर कालेज से बैण्डधुन के साथ निकली प्रभात रैली व तिरंगा यात्रा कोतवाली चौराहा से अमरज्योती चौराहा, रामेश्वर लाल पेट्रोल पम्प से होते हुए ओवर ब्रिज के नीचे से रेलवे स्टेशन चौराहा, अमन गेट, तहसील चौराहा, नगरपालिका के सामने से होते हुए कोआपरेटिव चौराहा से होते हुए कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान पहुॅची व इस स्थल पर समाप्त हुई। रैली के आयोजनकर्ता के रुप में मुख्य रुप से प्रधानाचार्य जीआईसी पीके शर्मा, उप प्रधानाचार्य महेन्द्र प्रसाद, एडीआईओएस राम हुजूर आदि ने अपनी सक्रियता निभायी व रैली का नेतृत्व किए। शहीद स्थल सहित नगर एवं जनपद के विभिन्न स्थानो में सूचना विभाग द्वारा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जनपद के सभी अंचलों, तहसील मुख्यालयों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका रोहित सिंह, डीआईओ एनआईसी कृष्णानंद यादव, श्रीनिवास तिवारी, अम्बिकेश पाण्डेय, प्रमोद शाही, संजय पाण्डेय, अमित मोदनवाल, पूर्व प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्र सहित प्रबुद्धजन, स्काउट्स, एनसीसी कैडेट आदि इस कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

## इसरौली मोड़ से बारी गांव तक लगभग 3 किलोमीटर सड़क पूरी तरह से जर्जर

**– सड़क की दशा बरसात में हुई और खराब**



अमिटरेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। हरनही तहसील अंतर्गत विकासखंड बेलघाट के कुवरापार से बारी गांव सिवान तक मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर जोड़ने वाली सड़क कुंवर पार से बारी गांव लगभग 3 किलोमीटर तक जाने वाली सड़क काफीन खराब हो चुकी है। बता दे कि यह सड़क पूर्वांचल के दक्षिणी छोर से जुड़ती है और लगभग 2 ब्लॉक से जुड़ती है बेलघाट उरुवा और साथ ही सिकरीगंज थाने कि और भी जोड़ती है लगभग 15 गांव से जुड़ती है यह सड़क पूरी तरह से बड़े–बड़े गड्ढे युक्त हो चुकी और इसी कारण कभी भी बड़ा दुर्घटना हो सकता है। पी डब्लू डी की अधिकारी इस तरह ध्यान नहीं दे रहे हैं और राजनीतिक नेता अपनी रोटियां सेकने में लगे हुए हैं और अपनी कुर्सी बचाने में लगे हुए हैं इस सड़क पर किसी का ध्यान नहीं जाता है जबकि अंदुरुनी खबर है कि इस सड़क के बनाने का ठेका हो चुका है अब देखना है कि प्रशासन कब जागता है और इस सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को सफर तय करने से आसानी होती है वही कुंवर पार प्रधान प्रतिनिधि जय नारायण मौर्य ने बताया की सड़क के बारे में संबंधित आला अधिकारी को सूचना दे दिया गया है लेकिन इस पर आला अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे हैं वही आक्रोश में आकर कुंवर पार के ग्रामीणों ने कहा हम लोग कई प्रधानों के साथ धरने पर आ सकते हैं संभावना व्यक्त कर रहे हैं ग्रामीण ने इस अवसर पर गांव के जय नारायण मौर्य प्रधान प्रतिनिधि, विनोद , दीनानाथ, लालमन सीताराम, ओमप्रकाश बारी गांव प्रधान बलवंत सिंह, अमित सिंह प्रधान प्रतिनिधि, 20 की संख्या में धरने पर जाने का संभावना व्यक्त कर रहे थे।

## मुख्य मार्ग तमकुहीराज से अहिरौली दान तक सड़क का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों मे रोष

**– तमकुहीराज से अहिरौली दान मार्ग बदहाल यात्रा परेशान**
**– सडक निर्माण को लेकर आन्दोलन होगा – पूर्व विधायक कासिम अली**

अमिट रेखा रामाशंकर सिंह

कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के तमकुहीराज तहसील मुख्यालय से अहिरौली दान तक पिच मार्ग खस्ताहाल हो गया है तहसील एवं जिला मुख्यालय को आपस मे जोडने वाली इस सडक पर राहगीरों को राहगीरों को चलना दुभर हो गया है ।इस मार्ग से आवाजाही कर रहे राहगीर सडक बदहाली के लिए जिम्मेदारो को कोस रहे हैं । बताते चलें कि पीडब्लू डी के अन्तर्गत से निर्मित तमकुहीराज से अहिरौली दान तक सडक जगह जगह टूट कर गड्ढों में तब्दील हो चुका है ।सडक की गिट्टियां उखड़ कर बिखर गई है । सेवरही के पूर्व विधायक एव सपा नेता कासिम अली का कहना है कि सडक से राहगीर आजिज आ चुके है ।श्री अली ने कहा कि सडक की बदहाली के लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार है ।यह सडक तहसील एवं जनपद मुख्यालय जोडने के लिए लोगों के लिए प्रमुख मार्ग है लेकिन किसी जनप्रतिनिधि ने इस सडक की सुधि नहीं ली है ।श्री अली ने कहा कि अगर इस सडक पर शीघ्र निर्माण नहीं कराया गया तो आन्दोलन होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## समाजवादी पार्टी ने तमकुही राज विधानसभा के लिए नवनियुक्त प्रभारी की नियुक्ति की

**– फाजिल नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए शमशुल हुदा तथा राजेश पांडे को प्रभारी नियुक्त किया गया है**
**– छेदीलाल चौहान तथा सुरेश यादव को जिला अध्यक्ष कुशीनगर डश्व मनोज यादव ने पार्टी के निर्देशन पर प्रभारी नियुक्त किया है**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव
तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। रविवार को देर शाम मिली सूचना के अनुसार जनपद कुशीनगर में समाजवादी पार्टी में गुटबाजी को समाप्त करने के लिए जिला कार्यकारिणी द्वारा विधानसभा प्रभारी बदलने की प्रस्ताव पर डॉ मनोज यादव सपा जिलाध्यक्ष नेइसकी रिपोर्ट प्रदेश पार्टी को प्रेषित कर पार्टी के आदेश अनुसार जनपद में प्रत्येक विधानसभा में विधानसभा प्रभारी को बदलने का कार्य करते हुए तमकुही राज विधानसभा क्षेत्र 331 में नए प्रभारी के रूप में छेदीलाल चौहान तथा सुरेश यादव को विधानसभा प्रभारी का कार्यभार सौंपा गया है पार्टी इनके नेतृत्व में आगामी चुनाव वर्ष 2022 का आपसी गुटबाजी समाप्त करते हुए चुनाव लड़ने का फैसला लिया है अब देखना है कि यह दोनों प्रभारी निष्पक्ष एवं कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए नए सिरे से प्रत्याशियों का चयन एवं चुनाव जीतने के लिए रणनीत बनाने का सर्व समाज से सभी फंटल संगठनों को एक सूत्र में बांधते हुए आगे ले चलने का कार्य करेंगे पार्टी ने इनको जिम्मेदारी सौंपते हुए विश्वास जाहिर किया है उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी जनपद कुशीनगर की तरफ से प्राप्त हुई है। फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए पार्टी ने विधानसभा प्रभारी के रूप में एडवोकेट शमशुल हुदा तथा राजेश कुमार पांडे को जिम्मेदारी सौंपी है।

## न्याय पाने के लिए दर दर भटक रही है समनेशा

अमिट रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। मारपीट कर कास्तकारी भूमि पर जबरन कब्जा करने एवं जान से मारने की धमकी के बाद विशुनपुरा थाने से लेकर उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है । पीडित बेवा महिला ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्याय पाने की मांग की है । बताते चलें कि कुशीनगर जनपद के तमकुहीराज सीओ सर्किल क्षेत्र विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरौली निवासनि समनेशा खातून विशुनपुरा थाने के थानाध्यक्ष को दिये गये प्रार्थना पत्र मे बताया है कि मेरी कास्तकारी भूमि गाटा संख्या 196 एवं रकबा 6 डीसमील है जो मेरे नाम से राजस्व विभाग के खतौनी में अंकित है जो मेरे गांव के बगल के गाँव बैकुन्ठपुर कोठी के दबंग एवं प्रभावशाली ब्यक्ति ने जबरन मेरी कास्तकारी भूमि पर जबरन अवैध कब्जा कर रहे हैं तथा मना करने पर अपशब्दो का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिससे मेरा परिवार काफी भयभीत है । इसकी सूचना मुकामी थाने मे देने बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिससे दबंग एवं प्रभावशाली ब्यक्ति का मनोबल बढता जा रहा है ।

## बकरी चराने गई महिला के घर में हुई चोरी

अमिट रेखा ब्यूरो

प्रतापगढ़ पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कुम्हिया मुहल्ले एक महिला सोमवार को सुबह अपनी बकरी चराने चली गई इसी दौरान मुहल्ले का दो युवक उसके घर में घुसकर नगदी समेत फराटा पंखा उठा ले गए। पट्टी कोतवाली कस्बा कुम्हिया निवासनी विद्या पत्नी विजय लाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया है कि सोमवार की सुबह मैं अपनी बकरी चराने चली गई थी इसी दौरान मेरे मोहल्ले के दो लड़के मेरे घर में घुस गए घर के अंदर रखा छ8000 तथा एक फराटा पंखा ले कर बाहर निकल रहे थे मेरे बच्चों ने पंखे को ले जाते देख लिया तो उपरोक्त दोनों लोग घर छोड़कर फरार हो गए पुलिस को नामजद तहरीर दी गई पुलिस मामले की जांच में जुटी।

## अराजक तत्वों ने गैंस एजेंसी पर जाकर मचाया उत्पात

अमिट रेखा व्यूरो

प्रतापगढ। महेशगंज थाना क्षेत्र के एक गैस एजेंसी पर जाकर अराजक तत्वों जमकर उत्पात मचाया। कर्मचारियों को जमकर गाली दिया और उनके साथ हांथापाई भी किया। जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।प्रोपराइटर ने दो के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी। महेशगंज थाना क्षेत्र के रायगढ़ ग्राम सभा में गैस एजेंसी पर शुक्रवार को अराजक तत्वों ने जाकर जमकर उत्पात मचाया। बाइक से पहुँचे अराजक तत्वों ने एजेंसी पर कार्यरत कर्मचारियों को जमकर गाली दिया और एक कर्मी के साथ हांथापाई भी किया। एजेंसी पर कार्यरत कर्मियों तथा प्रोप्राइटर को जान से मारने की धमकी दिया तथा एजेंसी को फूंक डालने की धमकी भी दी। एजेंसी की प्रोप्राइटर जयश्री केसरवानी ने गांव के ही दो व्यक्तियों के खिलाफ नामजद तहरीर दिया है महेशगंज पुलिस जांच में जुटी।

## टांप टेन अपराधियों की गतिविधियों का पुलिस कर रही जांच

अमित रेखा सुनील पांडेय
ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी

उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता के दिशा–निर्देश में सीओ फरेन्दा सुनील दत्त दुबे व सभी थानेदारों द्वारा जिला स्तर व सर्किल स्तर व थाने स्तर में टांप टेन अपराधियों की लिस्ट तैयार की गई है। जिसमें पुलिस द्वारा अपराधियों के घर पहुंच कर विभिन्न प्रकार के गतिविधियों पर ध्यान दिया जा रहा और किसी प्रकार की अपराधियों द्वारा फिर से कोई अपराध न हो सके उनसे मिल कर शक्त हिदायत दिया जा रहा । जिससे जिले में बड़ते आपराध को रोका जा सके । वही इस मुहिम से आमजनमानस भी संतुष्ट दिखाई दे रहे है ।इस संबंध मे पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दूबे ने बताया की अपराधियों पर नकेल कसने के लिए सर्किल स्तर थाने स्तर पर टांप टेन अपराधियों का लिस्ट तैयार किया गया है तथा उनके घर पहुँच कर जांच प्रताल किया जा रहा है जिससे अपराध को रोका जा सके।



## प्रधानी से जेब नहीं भरा तो दिया पंचायत भवन दिया भाड़े पर

अमित रेखा सुनील पांडेय
ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा हर गरीब को शौचालय व मकान दिया गया वहीं दूसरी तरफ कुछ लोगो को इससे बांछित भी रहना पड़ गया और कुछ जगह पर पक्के मकान वालो को आवास दिया गया वहीं कुछ प्रधानों ने सौदा भी कर आपको बताते चलें जनपद महराजगंज के नौतनवां तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकदह की तो यहाँ पर ग्राम प्रधान ने गरीबो की सेवा छोड़ कर गरीबो से ही दलाली पर तूल गया और उनको सार्वजनिक जगह पर रख कर (पंचायत भवन)में रख कर उनसे भी सौदेबाजी का खेल सुरु कर दिया आपको बताते चले कि जनपद के नौतनवां तहसील क्षेत्र में यह एक नया ग्राम प्रधान हुआ जैसे ही प्रधानी की कमान संभाली वैसे ही दलाली व लूट चालू कर दिया वही दूसरी तरफ अगर देखा जाए तो ग्राम प्रधान के इस रवैया से ग्रामीण में काफी चर्चा है और ग्राम प्रधान ने अगर गरीब का मकान अगर छतिग्रस्त हो गया तो उसको पंचायत भवन में रख कर उससे भी पैसे का (कालाबाजारी)प्रति माह भाड़ा देने का सौदा कर लिया वही जब इसकी जानकारी क्षेत्र के मीडिया कर्मियों को पता चली तो खबर कवरेज करने उपरोक्त तहसील क्षेत्र अंतर्गत पहुंचे जहां पर पंचायत भवन में रहने वाले गरीब मजदूरों ने अपनी दास्तान बताने लगे तो वहीं दूसरी तरफ उसी संबंध में ग्राम प्रधान से जब मीडिया कर्मियों ने पूछा तो ग्राम प्रधान द्वारा पत्रकार क्या होता है यह बोलकर सीधे हिल्ला हवाला करते हुए भाग निकला और मीडिया क्या होता है उसे पहचानने से साफ इनकार कर दिया।




## शहीद पंकज त्रिपाठी के प्रतिमा पर पुष्पांजलित कर उन्हें याद किए नगर अध्यक्ष राजेश जायसवाल

अमित रेखा सुनील पांडेय
ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी

भारत की आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के दौरान पुलवामा हमले में शाहिद हमारे क्षेत्र के शहीद पंकजत्रत्रिपाठीत्रजी के प्रतिमा पर पुष्पांजलित कर उन्हें याद किया। मुख्य रूप से उपस्थित नगर अध्यक्ष राजेश जायसवाल साथ मे सभासद नन्दू पासवान लेफ्टिनेंट कमांडेंट एस. के. गौड़ ,आशिष जायसवाल जिलामंत्री जिलामंत्री विक्रांत अग्रहरी नवीन सोनकर उपस्थित सभी एनसिसी कैडेट्स के जवान व सम्मानित लोग।



## हर्षोल्लास से मना आजादी का अमृत महोत्सव

अमित रेखा सुनील पांडेय ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी। जनपद में आजादी का अमृत महोत्सव और चौरीचौरा का शताब्दी समारोह पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। जनपद के विभिन्न स्थानों और शैक्षणिक संस्थानों में अमृत महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम ग्राम विशुनपुर गबडुआ में आयोजित किया गया। विशुनपुर गबडुआ शहीद स्मारक पर प्रातः एनसीसी और स्काउट–गाइड के कैडेट्स द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर मुख्य और विशिष्ट अतिथियों का आगमन हुआ। मुख्य कार्यक्रम का आरंभ मा. विधायक पनियरा और प्राक्कलन समिति के सभापति ज्ञानेंद्र सिंह, मा. विधायक सदर जयमंगल कन्नौजिया, जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया ।कार्यक्रम के आरंभ में लोकगायक अमित अंजन और उनके सहयोगियों द्वारा देशभक्ति से प्रेरित गीतों की प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद करीब 10. 30 बजे से काकोरी स्मारक स्थल, लखनऊ से मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सूचना विभाग की एलईडी वैन के माध्यम से किया गया। मुख्य कार्यक्रम को मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के साथ–साथ अन्य लोगों ने भी देखा ।कार्यक्रम के अंत मे मा. विधायक पनियरा ज्ञानेंद्र सिंह और माँ. विधायक सदर द्वारा संक्षिप्त संबोधन दिया गया। कार्यक्रम की समाप्ति जिलाधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। सबको धन्यवाद देते हुए जिलाधिकारी ने एनसीसी और स्काउट–गाइड के बच्चों की कार्यक्रम में उनकी भूमिका को लेकर विशेष तौर पर प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद भी दिया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य मात्र स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को याद करना नही है, बल्कि इसका उद्देश्य है कि हम सब लोग इन महान विभूतियों से प्रेरणा लेकर पूरे मन से देश की सेवा करें। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णगोपाल जायसवाल, सीडीओ गौरव सोगरवाल, जॉइंट मजिस्ट्रेट साई तेजा सीलम, परियोजना निदेशक राजकरन पाल समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



## काकोरी की घटना ने आजादी के दीवानों में जोश व क्रांतिकारी जज्बा पैदा करने का कार्य किया:उपजिलाधिकारी

अमित रेखा सुनील पांडेय
ब्यूरो महराजगंज मंडल प्रभारी

देश की आजादी के आंदोलन में लखनऊ की काकोरी घटना ने बड़ी भूमिका अदा की इस क्रांतिकारी घटना की 96वी वर्षगांठ पर आज पूरे प्रदेश में ष्आजादी के अमृत महोत्सव एवं चौरी–चौरा शताब्दी महोत्सव, देश के बीर शहीद सपूतों को नमन कर मनाया गया।नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष गुड्डू खान ने नगर के शहीद स्मारक पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी नौतनवा रामसजीवन मौर्य शहीद पूरन बहादुर थापा के भाई अशोक थापा तथा अन्य अतिथियों द्वारा अमर ज्योति जलाने के साथ हुआ तत्त्पश्चात नगर के सपूत कारगिल शहीद पूरन बहादुर थापा की प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित किया गया ।कार्यक्रम की समाप्ति पर देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान देने वाले सेनानियों व बलिदानी शहीदों के स्वजन को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश व्यायड ने किया ।मुख्य अतिथि ने अपने सबोधन मे कहा कि ष्काकोरी की घटना ने आजादी के दीवानों में जोश व क्रांतिकारी जज्बा पैदा करने का कार्य किया ।क्षेत्राधिकारी नौतनवा कोमल प्रसाद मिश्र ने कहा कि ष्काकोरी की घटना ने अंग्रेजो को काफी परेशान किया और यह साबित किया कि क्रांतिकारी उनसे लोहा लेने के लिए हर तरीके अपना सकते हैं ।पालिका अध्यक्ष ने कहा कि ष्काकोरी कांड के लिए जिन 10 क्रांतिकारियों को याद किया जाता हैं उनमें से इस कांड के लिए कुछ को बाद में फांसी तक दी गयी उसके बाद भी अंग्रेज हिंदुस्तानी क्रांतिकारियों के दिलो से आजादी की ज्वाला बुझा नही पाए ।अधिशासी अधिकारी बीरेन्द्र कुमार राव ने बताया कि ष्आज के युवाओं को देश की आजादी के दीवानों से सिख लेने की जरूरत हैं इस अवसर पर तहसीलदार नौतनवा रामानन्द त्रिपाठी, थानाध्यक्ष राजेश पाण्डेय,देश के पूर्व सेनानी हरि बहादुर गुरुंग, तूल बहादुर थापा,मनोज थापा, चौकी प्रभारी छपवा गौरव , बन्टी पाण्डेय, सुनवाई यादव,शाहनवाज खान, प्रमोद पाठक, राजकुमार गौड़,रईस कुरैशी,खुर्शेद आलम, अनुज राय, लेखपाल कृष्ण मोहन, यन0सी0सी0 कैडेट्स,मीडिया के लोग व आमजन उपस्थित रहे।



## अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर एक महिला की मौत दो घायल

अमित रेखा–संतोष पाठक
कुचायकोट – गोपालगंज। कुचायकोट थाना क्षेत्र के एनएच 27 पर सासामुसा दहा नदी पुल के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस घटना में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई ।जबकि उसकी बच्ची समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए ।घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेजा गया ।इधर मौके पर पहुंचे अंचल पदाधिकारी उज्जवल कुमार चौबे और थाना अध्यक्ष अश्वनी तिवारी ने घटना के बाद भाग रहे ट्रक को बेलवनवा गांव के पास पकड़ने के बाद ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया ।घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बेलवनवा गांव के पास एनएच 27 को जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे अंचल पदाधिकारी और थाना अध्यक्ष ने ग्रामीणों को समझा–बुझाकर एनएच27 से जाम को समाप्त कराया तथा सड़क पर आवागमन बहाल हो सका ।मिली जानकारी के अनुसार थावे थाना क्षेत्र के विदेशी टोला निवासी हरिंदर गुप्ता की पत्नी शीला देवी अपने मायके अमेरिका शाह के घर सासामुसा आई हुई थी ।रविवार की शाम अपनी दस वर्षीय बेटी तथा एक अन्य परिजन के साथ वह अपना इलाज करा कर वापस सासामुसा लौट रही थी। इस दौरान दाहा नदी पुल के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी ।जिससे शीला देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।जबकि बच्ची समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेजा गया और पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ग्राम सभा ठाड़ी भार में मनरेगा पार्क का भूमि पूजन किया गया

'अमित रेखा –हरेंद्र पाल'

गुरवलिया बाजार'–कुशीनगर। जनपद के दू दही विकासखंड के ग्राम सभा ठाड़ी भार के टोला इंदर पट्टी में मनरेगा पार्क का पूजन किया गया बताते चलें कि इस पार्क में फौबारा, झूला, व्यामशाला, बैट मिंटल, कोर्ट, शौचालय, पाथवे, वृक्षारोपण, इत्यादि सारी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी ग्राम प्रधान जयप्रकाश यादव जी ने कहा कि ग्राम सभा का विकास कराना ही हमारा प्राथमिकता है ग्राम सभा के सम्मानित जनता ने जिस उम्मीद से हमको अपना प्रतिनिधि चुनी है मैं उम्मीद से ज्यादा ग्राम सभा का विकास कराने का कार्य निष्ठा पूर्वक कर रहा हूं आगे भी ग्राम सभा के लिए निरंतर विकास कराने के लिए प्रयासरत रहूंगे इस अवसर पर जेई सत्येंद्र यादव, सचिव जन्मेजय गुप्ता, भाजपा नेता लाल पहाड़ी कुशवाहा, दुर्गा कुशवाहा, बबलू कुशवाहा, सुरेश यादव, ताजुद्दीन, रिजवान, नागेंद्र यादव, पवन जी इत्यादि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 15 हजार नगदी व लाखों रुपए के गहने के साथ पड़ोसी युवक विवाहिता को भगा ले गया

अमित रेखा ब्यूरो

प्रतापगढ। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के ठनेपुर गोपापुर गांव में रविवार की रात पड़ोसी युवक ने एक विवाहिता को बहला–फुसलाकर 15000 नगदी पर लाखों रुपए के गहने के साथ भगा ले गया कोतवाली में नामजद तहरीर। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के ठनेपुर गोपापुर गांव निवासी रामलाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया है कि मेरा लड़का शिवकुमार जो रोजी–रोटी सिलसिले बिहार राज्य में रहता है उसकी पत्नी घर पर रहती थी मेरे पड़ोस के एक युवक कुछ दिन पहले उसके साथ अश्लीलता करते हुए पकड़े गए थे लोक लाज के भय से डांट फटकार कर मामला शांत कर दिया गया था रविवार की बीती रात इसकी पतोहू को बगल का युवक 15000 नगदी व लाखों रुपए के गहने के साथ भगा ले गया पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की पुलिस मामले की जांच में जुटी।

## विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन

**– सोमवार को भाजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा के तत्वावधान में विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी के कुशीनगर आवास पर किया गया**

अमित रेखा – राज पाठक

सपहा – कुशीनगर। विश्व आदिवासी दिवस समारोह का आयोजन सोमवार को भाजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा के तत्वावधान में विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी के कुशीनगर आवास पर किया गया ।मुख्य अतिथि हाटा विधायक पवन केडिया ने कहा कि आदिवासी समाज ने हमेशा अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष किया है ।संघर्षों के बल पर ही इनकी पहचान बनी है। भाजपा इनका अधिकार दिलवाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र मिश्र ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी समाज को काफी सम्मान दिया है ।केंद्रीय मंत्रिमंडल में पहली बार इस समाज को अच्छी संख्या में प्रतिनिधित्व मिला है ।यह सम्मान भाजपा ही दे सकती है ।डॉ वीना कुमारी, अनिल प्रताप राव, रामायण कुशवाहा,बंका सिंह,अमित पांडेय,मोहन खरवार आदि ने भी संबोधित किया ।अध्यक्षता श्यामदेव गोंड व संचालन हीरालाल गोंड ने किया ।कार्यक्रम संयोजक भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम गोंड ने विषय प्रवर्तन करते हुए अतिथियों का स्वागत किया ।सभासद राधिका,ओमप्रकाश जायसवाल,दिव्येंदु मणि त्रिपाठी, अनिल शुक्ल,सुनील पांडेय,डेविड राय,राधेश्याम गुप्त,रामबिलास राव,अमिय कुमार, हंसराज,मनोहर,संजय आदि उपस्थित रहे।

## आजाद नगर चौकी पर मुहर्रम व आगामी त्यौहार को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक

अमित रेखा सत्य प्रकाश यादव

गोरखपुर। थाना रामगढ़ ताल क्षेत्र आजाद नगर चौकी पर मुहर्रम व आगामी त्यौहार को देखते हुए थाना रामगढ़ ताल क्षेत्र आजाद नगर नगर चौकी के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मोहल्ला के अंतर्गत आज संभ्रांत व पीस कमेटी की मीटिंग रखी गई। जिसमें चिल्मापुर बड़गो गेहूंआसागर कजाकपुर सेनदली बेनदली रानी बाग बुनियादी बगिया आगामी त्योहार मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिये पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ कैंट जयप्रकाश सिंह व थाना प्रभारी जगत नारायण सिंह व चौकी प्रभारी अभिनव कुमार मिश्रा उप निरीक्षक अजय राय कि अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में उपस्थित सम्मानित लोगों को सम्बोधित करते हुए सीओ जय प्रकाश सिंह ने कहा कि इस कोरोना काल में काल में जीवन बचाने की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए सीओ ने कहा की कोविड–19 के मानकों का अनुपालन करते हुए शांतिप्रिय ढंग से मोहर्रम का त्यौहार मनाया जाएगा। इस मौके पर पीस कमेटी व संभ्रांत व्यक्तियों में मोमिन अली सिद्दीकी मकसूद अली अमजद वारसी सरताज अहमद मसूद अहमद मोहम्मद इसराइल सैफ साहिल शहादत अली सिद्दीकी शोएब सिद्दीकी वार्ड नंबर 65 के सभासद चंद्रप्रकाश सिंह सामाजिक कार्यकर्ता बबलू तिवारी के साथ ही चौकी आजाद नगर के पुलिसकर्मी लोकनाथ सिंह विजय यादव अश्वनी यादव कृष्ण कुमार त्रिपाठी बड़ी संख्या में आदि लोग मौजूद रहे।

## दो दलित युवकों की हत्या कर शव फेंका धान के खेत में




**– डबल मर्डर से फैली क्षेत्र मे सनसनी**

**– मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक एवं एडिशनल एसपी**

अमित रेखा अमरजीत शर्मा प्रतापगढ ब्यूरो। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सपहा छात गांव में धान के खेत में दो दलित युवकों का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हत्या छुपाने के लिए शव धान के खेत में फेंका मौके पर पुलिस अधीक्षक एडिशनल एसपी सहित भारी फोर्स बल पहुचे । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा पुलिस अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सपहा छात गांव में सोमवार की सुबह करीब 9.30 बजे संदिग्धा परिस्थितियों में दो दलित युवकों का शव धान के खेत में पाया गया। खेत में शव मिलने की सूचना पर क्षेत्राधिकारी दिलीप सिंह पट्टी कोतवाल गणेश प्रसाद सिंह के साथ भारी फोर्स बल गांव में पहुंचे , सपहा छात गांव के शिव भोले 28 पुत्र झिंगुरी व रविंद्र कुमार 22 पुत्र सोनई दोनों गहरे दोस्त थे मजदूरी करके जीवन यापन करते थे शिव भोले की मा एक प्राइवेट चिकित्सालय में वह दाई है अपनी ड्यूटी करके जब घर वापस आ गई 9.30 बजे पड़ोसी ने उसे बताया कि उसका बेटे का शव समीप के धान खेत में पड़ा है। रविंद्र के पिता सोनई ने बताया कि मेरा लड़का मजदूरी करके जीवन यापन कर रहा था वह रोज शाम को खाना खा कर के मेरा तबेला है जहां पर वह जानवरों की देखभाल के लिए सोता था रविवार की शाम 7.30 बजे वह घर से तबेले पर सोने के लिए कह कर चला आया आज सुबह जब मैं वह पहुंचा तो वह वहां नहीं था इधर–उधर खोजा उसका कहीं पता नहीं चला तब गांव के लोगों ने बताया कि बगल कुछ दूर पर धान के खेत में रविंद्र व शिव भोले का शव पड़ा हुआ था , जा करके देखा तो शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं थे नाक में मुह कान से खून निकला था इससे जाहिर हो रहा था कि गला दबाकर दोनों युवकों की हत्या की गई है रविंद्र कुमार की शादी अभी नहीं हुई थी जबकि शिव भोले की शादी हो चुकी है उसकी पत्नी अर्चना तथा एक बेटा सिद्धू 4वर्ष और एक बेटी रोशनी 2वर्ष भी है, मृतक शिव भोले टैक्कर चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था इसके पिता की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है इसका एक छोटा भाई मुकेश भी है जो रोजी–रोटी सिलसिले प्रदेश में रहता है वह घर आया हुआ है लेकिन घटना के समय अपने ससुराल सिवलरा गांव गया था जब सूचना मिली वह भी रोता बिलखता घर आया , फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका सूचना पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पूर्वी ए एस पी , सीओ दिलीप सिंह ,कोतवाल गणेश प्रसाद सिंह के साथ उपस्थित रहे शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल प्रतापगढ़ भेज दिया इधर पुलिस सोनई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## 11 अगस्त को बैंकों को मेगा क्रेडिट शिविर आयोजित किए जाने के डीएम ने दिए निर्देश

**– इसके लिए नामित किए गए पीडी व एलडीएम नोडल अधिकारी**

**– शिविर में रोजगारपरक योजनाओं के प्रति जन जागरुकता अभियान भी चलाए जाने के दिए गए है निर्देश**

राजू प्रसाद श्रीवास्तव–
अमितरेखा देवरिया ब्यूरो। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने सभी बैंकर्स को आगामी 11 अगस्त को मेगा क्रेडिट कैम्पो का आयोजन किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा है कि प्रत्येक जनपद में मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार मेगा क्रेडिट कैम्पों का आयोजन किया जाना है, शिविर के सफल आयोजन के लिए उन्होने परियोजना निदेशक डीआरडीए को जिला प्रशासन की ओर से एवं एलडीएम को बैंकों की ओर नोडल नामित किया है। उन्हे यह भी निर्देश दिया है कि संबंधित विभागो एवं अधिकारियों के साथ समन्वय के साथ कार्ययोजना तैयार कर उसे कल 10 अगस्त को 11 बजे तक अनिवार्य रुप से प्रस्तुत किए जाने के भी निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने इस शिविर में विभिन्न शासकीय रोजगारपरक, योजनाओं यथा–पीएमईजीपी, ओडीओपी योजना, मुद्रा योजना, स्टार्टअप इण्डिया, स्टैण्डअप इण्डिया योजना, पी०एम० स्वनिधि योजना आदि के संबंधमें जागरूकता अभियान चलाते हुए समाज के विभिन्न वर्गो विशेष रूप से विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, फार्मेसी कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई०टी०आई आदि संस्थानों के छात्रों व विश्वकर्मा श्रम सम्मान के लाभार्थियों तथा प्रवासी कामगारों को भी स्व–रोजगार स्थापित करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किए जाने के निर्देश दिए है, जिससे कि समाज के हर वर्ग को योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होने कोविड प्रोटोकाल के अनुरुप जागरुकता एवं मेगा क्रेडिट कार्ड के सफल आयोजन किए जाने को कहा है। जिलाधिकारी निरंजन ने नामित नोडल अधिकारियों व बैंकर्स को अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत किए जाने तथा रोजगारपरक योजनाओं के प्रति जन जागरुकता लाए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि इसमें किसी प्रकार की कोई शिथिलता न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव
मो०– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरुल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।